https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 | अंक: 345 | जयपुर, मंगलवार, 25 नवंबर, 2025 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष पंचमी, विसं 2082 | पृष्ठ: 12 | मूल्य: 3.00

### मुंबई में भारत24 लीडरशिप समिट का आयोजन, सुशासन और विकास मॉडल पर हुई चर्चा

## पीएम के नेतृत्व ने सुरक्षा और विकास को दी नई दिशा: डॉ. सिंह



मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा का स्वागत करते मनोज जग्यासी।

■ डॉ. जगदीश चंद्र ने प्रधानमंत्री मोदी और डॉ. जितेंद्र सिंह की सराहना की

बेधड़क | मुंबई।

भारत24 ने सोमवार को मुंबई के होटल द ललित में "भारत24 लीडरशिप समिट" का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख नेता, नीति-निर्माता और राष्ट्रीय स्तर की प्रभावशाली हस्तियां शामिल हुईं। समिट का केंद्र बिंदु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 रहा, जिसके संदर्भ में भारत की विकास यात्रा और महाराष्ट्र की प्रशासनिक उपलब्धियों पर विस्तृत विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने देश की सुरक्षा, आधारभूत संरचनाओं और विकास प्रक्रिया को नई दिशा दी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हुए बदलाव, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और समावेशी विकास को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। भारत24 के सीईओ और एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र ने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली और डॉ. जितेंद्र सिंह की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन देश में नए आत्मविश्वास का निर्माण कर रहा है। समिट में भारत की प्रौद्योगिकी महत्वाकांक्षा पर भी चर्चा हुई, जिसमें भविष्य के भारत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और उभरती भारतीय स्पेस इकॉनमी का उल्लेख किया गया। समिट में महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार और कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि मोदी मॉडल ने राज्य में विकास की गति को तेज किया है। वहीं, शाइना एनसी ने राजनीति और शासन में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर शोक जताया गया।

(देखें पेज 12 भी)



भारत24 लीडरशिप समिट के उद्घाटन के दौरान दीप प्रज्वलन करते डॉ. जितेंद्र सिंह। इस दौरान उनके साथ मंच पर डॉ. जगदीश चंद्र और मनोज जग्यासी मौजूद रहे। समारोह में मंच पर डॉ. खालिद खान, डॉ. आलोक वर्मा, संजय सिंह और निवेदिता श्रेयांस भी उपस्थित रहे।



डॉ. जगदीश चंद्र ने मंत्री व अधिवक्ता आशीष शेलार का स्वागत किया।

> सुरक्षा के मोर्चे पर निर्णायक नियंत्रण मौजूदा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसके तहत जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित हुई है। कश्मीर में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब वहां की जनता और युवा आतंक से नहीं, विकास से अपनी पहचान जोड़ रहे हैं। आज का मतदाता तर्क और नीयत को महत्व देता है, इसलिए पुरानी 'ठगबाजी' व राजनीति अब नहीं चलेगी। केंद्र सरकार ने भेदभाव की राजनीति से ऊपर उठकर हर जरूरतमंद तक विकास पहुंचाया है। जैसे प्रधानमंत्री आवास और उज्ज्वला योजनाएं, जिससे 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी।
>
> **डॉ. जितेंद्र सिंह,** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री

> डॉ. जितेंद्र सिंह सिर्फ जम्मू-कश्मीर तक सीमित नहीं, बल्कि आज देश के सीनियर और सक्षम नेताओं में गिने जाते हैं। डॉ. सिंह उन चुनिंदा नेताओं में हैं जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों का भरोसा और आशीर्वाद प्राप्त है। पीएम मोदी के विजन 2047 के साथ वे एक स्थायी और प्रभावशाली राजनीतिक चेहरा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है, चाहें श्रीनगर-लद्दाख टनल, रावी परियोजना, कृषि सुधार या किश्तवाड़ एयरपोर्ट निर्माण हो। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में डॉ. जितेंद्र सिंह की भूमिका निर्णायक रहेगी।
>
> **डॉ. जगदीश चंद्र,** सीईओ और एडिटर-इन-चीफ, भारत24

### जरूरी खबर

#### दिल्ली में गलत रनवे पर उतरा विमान, हादसा टला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर एक गंभीर लापरवाही सामने आई, जहां काबुल से आई एरियाना अफगान एयरलाइंस की फ्लाइट FG-311 की गलत रनवे पर लैंडिंग हो गई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को रनवे 29L पर उतरने की अनुमति दी थी, लेकिन पायलट ने गलती से रनवे 29R पर लैंडिंग करवाई, जो टेकऑफ के लिए इस्तेमाल होता है। सौभाग्य से उस समय रनवे खाली था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पायलट ने इसके लिए खराब दृश्यता और ILS सिस्टम को कारण बताया। DGCA ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

#### राष्ट्रपति ट्रंप के परिवार की संपत्ति में भारी गिरावट

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परिवार की संपत्ति में एक अरब डॉलर से ज्यादा की गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग की सूची के मुताबिक यह गिरावट मुख्य रूप से उनकी उच्च-जोखिम वाली क्रिप्टो मुद्रा में निवेश में भारी नुकसान की वजह से हुई है। सितंबर की शुरुआत में जहां उनकी कुल संपत्ति करीब 7.7 अरब डॉलर थी। वहीं अब यह घटकर लगभग 6.7 अरब डॉलर रह गई है।

### मुंबई में हुआ अंतिम संस्कार, बेटे सनी देओल ने दी मुखाग्नि


## टूट गई जय-वीरू की जोड़ी...

#### अभिनेता धर्मेंद्र का 89 की उम्र में निधन

बेधड़क | मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और ही-मैन के नाम से मशहूर धर्मेंद्र का सोमवार को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। धर्मेंद्र ने अपने जुहू स्थित घर पर ही अंतिम सांस ली। लंबे समय से उनकी तबीयत नाजुक थी। उन्हें 12 नवंबर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया था। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड के साथ पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान भूमि में किया गया। इस दौरान पूरा देओल परिवार और कई सिनेमाई दिग्गज नजर आए। हेमा मालिनी, ईशा देओल, सनी देओल, बॉबी देओल से लेकर अमिताभ बच्चन भी इस दौरान आंखों में आंसू समेटे मौजूद रहे। धर्मेंद्र को मुखाग्नि उनके बड़े बेटे सनी देओल ने दी। धर्मेंद्र का जाना, हिंदी सिनेमा के एक युग के अंत जैसा है। आमिर खान, सलमान खान और शाहरुख खान जैसी बड़ी हस्तियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना जताई। धर्मेंद्र के परिवार में उनकी पत्नी प्रकाश कौर, हेमा मालिनी, बेटे सनी और बॉबी देओल तथा बेटियां विजेता, अजीता, एशा और अहाना हैं।

(देखें पेज 04 भी)



**अलविदा धर्मेंद्र**

8 दिसंबर 1935

24 नवंबर 2025

#### 300 से ज्यादा फिल्मों में किया था काम

पंजाब में 8 दिसंबर 1935 को जन्मे धर्मेंद्र का असली नाम धरम सिंह देओल था। 65 वर्षों के लंबे कॅरिअर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था, जिनमें 'शोले', 'चुपके चुपके', 'सीता और गीता', 'धरम वीर' जैसी कई सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। उन्होंने कई लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जीते और 70 के दशक में उन्हें दुनिया के सबसे खूबसूरत पुरुषों में से एक चुना गया था।



> धर्मेंद्र एक प्रतिष्ठित फिल्मी शख्सियत और एक अद्भुत अभिनेता थे, उनके निधन से भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत हो गया है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं।
>
> **-नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

#### धर्मेंद्र का राजस्थान से गहरा नाता

2004 में बीजेपी के शाइनिंग इंडिया कैंपेन से प्रभावित होकर धर्मेंद्र राजनीति में आए। शत्रुघ्न सिन्हा के साथ लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात के बाद उन्हें बीकानेर लोकसभा सीट से टिकट मिला और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार रामेश्वर लाल डूडी को करीब 60 हजार वोटों से हराया। जीत के बाद उनसे जनता को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उन पर क्षेत्र में न दिखने और लोकसभा से अनुपस्थित रहने के आरोप लगे। हालांकि, उन्होंने सूरसागर झील सौंदर्यीकरण में अहम भूमिका निभाई। कार्यकाल खत्म होते-होते उन्होंने राजनीति छोड़ने का फैसला किया और 2009 का चुनाव नहीं लड़ा।



> दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है। वह अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जो कलाकारों की युवा पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी।
>
> **-द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति



> प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। अपने शानदार अभिनय से धर्मेंद्र जी ने भारतीय सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनका सिनेमा जगत में योगदान और व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा।
>
> **-भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री



> सिनेमा इतिहास में धर्मेंद्र जी मील का पत्थर थे। उनके निधन से देश के आम आदमी के अंदर दुख का भाव है। भगवान धर्मेंद्र जी की आत्मा को शांति दें।
>
> **डॉ. जगदीश चंद्र,** सीईओ और एडिटर-इन-चीफ, भारत24

### 15 महीनों का रहेगा कार्यकाल

## देश के 53वें CJI बने जस्टिस सूर्यकांत

एजेंसी | नई दिल्ली



जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उनका कार्यकाल लगभग 15 महीनों का रहेगा। वे सीजेआई भूषण आर. गवई की जगह लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस सूर्यकांत को 30 अक्टूबर 2025 को नियुक्त किया गया था और वे 9 फरवरी 2027 तक इस पद पर रहेंगे। शपथ के बाद उन्होंने अपने भाई और बहन के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार में जन्मे सूर्यकांत हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद थे।

### जस्टिस सूर्यकांत: कानून के प्रति करुणा और समर्पण की मिसाल

प्रो. (डॉ.) शशिकांत शर्मा

एक ऐसी दुनिया में जहां न्याय को अक्सर सख्त और अडिग सोच के तौर पर देखा जाता है, जस्टिस सूर्यकांत करुणा, हमदर्दी और कानून के प्रति अटूट समर्पण की शानदार मिसाल हैं। भारत के सुप्रीम कोर्ट के एक सम्मानित न्यायाधीश के रूप में उन्होंने हमेशा न्याय के मानवीय पहलू को गहराई से समझते हुए निरंतर अपने साथियों और आम जनता दोनों से तारीफ और सम्मान हासिल किया है। साधारण परिवार में जन्मे और पले बढ़े जस्टिस सूर्यकांत के लिए भारतीय न्याय व्यवस्था के शिखर तक पहुंचने तक का सफर आसान नहीं रहा। सफलता के शिखर तक के उनके रास्ते चुनौतियों और संघर्ष से भरपूर रहे, लेकिन कानून के प्रति उनके इसी जुनून और लोगों को न्याय व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता में कभी कमी नहीं आई।

(शेष पेज 07)

### उल्लास में डूबी अयोध्या नगरी

## राम मंदिर के शिखर पर आज भगवा झंडा फहराएंगे मोदी

बेधड़क। अयोध्या।

रामनगरी अयोध्या में मंगलवार को होने वाले ध्वजारोहण समारोह को लेकर भारी उत्साह नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह अयोध्या पहुंचेंगे और श्रीराम मंदिर के शिखर पर दोपहर 12 बजे भगवा ध्वज फहराएंगे। समकोण त्रिभुजाकार ध्वज की ऊंचाई 10 फुट और लंबाई 20 फुट है। यह ध्वज मंदिर के निर्माण पूर्ण होने और सांस्कृतिक नवयुग की शुरुआत का प्रतीक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 का शुभारंभ

## देश में खेलों के विकास का इकोसिस्टम तैयार: मांडविया

#### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स ने सपनों को दी नई उड़ान: मुख्यमंत्री

बेधड़क। जयपुर

सवाई मानसिंह स्टेडियम सोमवार रात खेल नहीं, बल्कि राजस्थान की कला, संस्कृति और संगीत से सराबोर रहा। मौका था पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के भव्य उद्घाटन समारोह का। कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थानी गायिका रजनीगंधा की प्रस्तुति 'पधारो म्हारे देश' से हुई, जिसने हजारों खिलाड़ियों का पारंपरिक स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि नया भारत विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन से देश में खेलों के विकास का इकोसिस्टम हुआ तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया कार्यक्रम देशभर की जमीनी प्रतिभाओं को मंच दे रहा है। समारोह में ड्रोन के जरिए लाई गई टॉर्च को मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच पर स्थापित कर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का शुभारंभ किया। युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से खेलों में सकारात्मक परिवर्तन आया है। इसी कड़ी में राजस्थान में 12 दिनों तक 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन हो रहा है।



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का शुभारंभ करते सीएम भजनलाल शर्मा। साथ में हैं केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, मंत्री अविनाश गहलोत, मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और मंत्री के के विश्नोई।

#### खेल जगत में देश का बढ़ रहा मान: सीएम

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन राजस्थान के 7 संभागों पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेने आए हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, यह खिलाड़ियों के सपनों की उड़ान की शुरुआत है। इन खेलों से खिलाड़ी ओलंपिक चैंपियन भी बन सकते हैं, इसलिए सभी खिलाड़ी पूरी लगन से हिस्सा लें।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कुलदीप धनखड़, महेन्द्रपाल मीना, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के प्रतिभागी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### चर्चित एकल पट्टा घोटाले की SC में सुनवाई टली

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शांति धारीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय विश्नोई की बेंच ने मामले को एक दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है। धारीवाल के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि वे लिखित दलीलें दाखिल करेंगे, जिसके बाद बेंच ने सुनवाई टाल दी। धारीवाल ने राजस्थान हाई कोर्ट के एक नवंबर के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी याचिका को समय पूर्व बताकर खारिज कर दिया गया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार को इस मामले में जांच का पूरा अधिकार है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत कार्मिक सम्मानित



**बेधड़क, जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सोमवार को अपने राजकीय आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जयपुर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही जिले के 31 स्वास्थ्य संस्थानों को 35 वात्सल्य डिजिटल किट प्रदान की गईं। ग्रामीण क्षेत्र के प्रथम भाग में मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रथम, शाहपुरा उप जिला अस्पताल द्वितीय एवं जयसिंहपुरा खोर तृतीय रहे। द्वितीय भाग में सांगानेर जिला अस्पताल प्रथम, बगरू द्वितीय व चाकसू तृतीय स्थान पर रहा।

### NSUI की रन फॉर संविधान बचाओ मैराथन कल



**बेधड़क, जयपुर।** संविधान दिवस पर एनएसयूआई 26 नवंबर को सुबह 6 बजे चित्रकूट स्टेडियम से 'रन फॉर संविधान बचाओ, देश बचाओ' मैराथन का आयोजन करेगी। यह मैराथन 5 किलोमीटर की होगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने मैराथन का पोस्टर जारी करते हुए यह जानकारी दी। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों के प्रति युवाओं व समाज को जागरूक करना है। पुरुष और महिला वर्ग में अलग-अलग कैटेगरी रखी गई है। दोनों वर्गों में प्रथम विजेता को 11,000 रुपए, द्वितीय को 7,000 रुपए और तृतीय को 5,100 रुपए नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

---

**समीक्षा बैठक... मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास बोले- बजट घोषणाओं का समय पर हो क्रियान्वयन**

# 'विकसित राजस्थान @2047' के लक्ष्यों पर करें फोकस

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को शासन सचिवालय में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो और 'विकसित राजस्थान @2047' के मध्यावधि और दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, प्रभावशीलता और अंतिम लाभार्थी तक सेवा पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। अंतर-विभागीय समन्वय मजबूत कर विकास कार्यों में तेजी लाई जाए।



### पंच गौरव योजना की प्रगति की समीक्षा

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को पंच गौरव योजना की अलग समीक्षा बैठक में कहा कि यह योजना राजस्थान के पंचमुखी विकास की महत्वाकांक्षी पहल है। प्रत्येक जिले के एक उत्पाद, एक उपज, एक खेल, एक वनस्पति और एक पर्यटन स्थल को प्रोत्साहन देकर विशिष्ट पहचान मजबूत की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित कार्ययोजना की समयबद्ध पालना सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, वन एवं पर्यावरण एसीएस आनंद कुमार, शासन सचिव योजना रवि कुमार सुरपुर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रमुख विभागों की प्रगति

- **ग्रामीण विकास:** अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने राजीविका के माध्यम से महिलाओं की आत्मनिर्भरता बढ़ाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।
- **सहकारिता:** प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने सभी पैक्स का कम्प्यूटरीकरण, डिजिटल लेन-देन और कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाने की योजना बताया।
- **कृषि:** आयुक्त चिन्मयी गोपाल ने जलवायु स्मार्ट कृषि, तकनीकी उपयोग और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला।
- **पशुपालन:** शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना और सेक्स सॉर्टेड कृत्रिम गर्भाधान की सफलता बताई। मत्स्य ठेके के लिए ई-ऑक्शन पोर्टल शुरू।
- **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति:** अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम प्रसाद ने एनएफएसए के तहत 'गिव अप' अभियान में 47 लाख अपात्रों के स्वेच्छा से हटने और 27 लाख से अधिक के ई-केवाईसी नहीं करवाने से नए पात्रों को जगह मिलने की जानकारी दी। बैठक में जल संसाधन, योजना, पंचायती राज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार सोमवार को राजभवन जाकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

### आईआईटी जोधपुर निदेशक ने की मुलाकात

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने मुलाकात की। मुख्य सचिव ने अपने ट्वीट को री-पोस्ट कर इसकी जानकारी दी और डिजिटल गवर्नेंस, इन्फ्रास्ट्रक्चर, ग्रामीण विकास तथा उभरती तकनीकों में गहरे सहयोग की उम्मीद जताई।

---

**एसआईआर पर भाजपा-कांग्रेस आमने सामने... डोटासरा बोले-**

# हर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस वोटर काटने की कर रहे साजिश

**■ गहलोत-पायलट सहित पूरी कांग्रेस लामबंद, आंदोलन की तैयारी**

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में चल रहा विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) अब सियासी जंग का मैदान बन गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसे कांग्रेस समर्थक वोटरों को सुनियोजित तरीके से हटाने की 'साजिश' बताया तो भाजपा ने इसे 'बौखलाहट का भ्रामक प्रलाप' करार देते हुए पलटवार किया। एक तरफ कांग्रेस 29 नवंबर को पूरे प्रदेश में आंदोलन की रणनीति बनाने जा रही है तो दूसरी तरफ भाजपा नेतृत्व इसे पारदर्शी प्रक्रिया बता रहा है और डोटासरा पर जुबानी हमले तेज कर दिए हैं।

पीसीसी चीफ डोटासरा ने एसआईआर कार्यक्रम पर भाजपा पर जुबानी प्रहार किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को मीडिया से बातचीत में डोटासरा ने कहा कि एएसडी (एबसेंट, शिफ्टेड, डेड) के नाम पर हर विधानसभा क्षेत्र में 20-25 हजार वोटरों के नाम काटने की साजिश चल रही है। उन्होंने दावा किया कि ये वोट खास तौर पर कांग्रेस के हैं और खासकर उन इलाकों में यह हो रहा है जहां कांग्रेस का प्रभाव ज्यादा है। डोटासरा ने कहा-ए (एबसेंट) में 100 प्रतिशत, एस (शिफ्टेड) में 50 प्रतिशत और डी (डेड) में भी 50 प्रतिशत गड़बड़ी की जा रही है। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) मनमाने ढंग से लोगों को अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत घोषित कर रहे हैं। बाद में जब व्यक्ति खुद दस्तावेज लेकर पहुंचता है तो उसे टाल दिया जाता है।



### दिसंबर में खुलेगा पूरा खेल: डोटासरा

डोटासरा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कितने मतदाता थे और दिसंबर में एसआईआर के बाद कितने बचेंगे, यह पूरी तस्वीर साफ कर देगा। वहीं, भाजपा नेताओं का कहना है कि यह पुनरीक्षण पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के तहत हो रहा है।

### SIR की समीक्षा के लिए बैठक 29 को

डोटासरा ने ऐलान किया कि एसआईआर की समीक्षा के लिए 29 नवंबर को प्रदेश कार्यकारिणी और सभी जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इसमें पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित तमाम वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। बैठक में आगे की रणनीति तय होगी और जिलाध्यक्षों को नए टास्क दिए जाएंगे। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने 52 हजार बूथों पर बीएलए नियुक्त किए हैं, लेकिन बीएलओ उन्हें सहयोग नहीं कर रहे। इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### BJP का पलटवार... डोटासरा बौखलाहट में दे रहे भ्रामक बयान: मदन राठौड़



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने डोटासरा के आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस के गिरते जनाधार से बौखला कर वे असत्य और भ्रामक बयान दे रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। अब ये लोग आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार पारदर्शी और जवाबदेही वाली है। कांग्रेस के समय पर्ची-दलाली चलती थी, हमारे यहां सिर्फ नियम और कानून चलता है। राठौड़ ने आगे कहा कि कांग्रेस 2023 की हार पचा नहीं पाई और 2028 का दिवास्वप्न देख रही है। राजस्थान की जनता अब भाजपा के साथ है।

### जबरन धर्मांतरण करने वालों की उखाड़ी जाएगी एक-एक ईंट

डोटासरा के धर्मांतरण संबंधी बयानों पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कड़ा प्रहार किया। रावत ने कहा कि कांग्रेस के समय सरकार की शह पर धर्मांतरण होता था। अब हमने सख्त कानून बनाया है। जबरन धर्मांतरण करने वालों की एक-एक ईंट उखाड़ी जाएगी। उन्होंने डोटासरा पर लक्ष्मणगढ़ में दलित लड़की के अपहरण के मामले में धर्मांतरण की छूट देने का आरोप लगाया। बेढम ने कहा कि डोटासरा की कुर्सी खतरे में है, इसलिए वे भाजपा पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार के समय हुए ट्रांसफर घोटाले और जंगलराज का जिक्र करते हुए कहा कि अब अच्छे कानून बन रहे हैं, जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही।

---

**सब-इंस्पेक्टर भर्ती-2021 का मामला**

## HC का भर्ती रद्द के खिलाफ अपील पर नोटिस, सुनवाई 5 जनवरी को



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सब-इंस्पेक्टर भर्ती-2021 को रद्द करने के हाई कोर्ट की एकलपीठ के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर डिवीजन बेंच ने नोटिस जारी कर दिए हैं। कार्यवाहक सीजे एसपी शर्मा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की खंडपीठ ने मूल याचिकाकर्ता कैलाश चंद्र शर्मा सहित अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 5 जनवरी, 2026 को तय की है।

राज्य सरकार ने अपील में तर्क दिया है कि पेपर लीक कुछ अभ्यर्थियों और आरपीएससी के संलिप्त सदस्यों के बच्चों तथा दलालों तक ही सीमित रहा। पूरे राजस्थान में इसका प्रसार नहीं हुआ। सरकार का कहना है कि कुछ लोगों की गलती के कारण पूरी भर्ती प्रक्रिया रद्द करना उचित नहीं है, इससे हजारों ईमानदार और मेहनती अभ्यर्थियों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। सरकार ने दलील दी कि जांच एजेंसियां दोषी और निर्दोष अभ्यर्थियों की स्पष्ट पहचान कर सकती हैं, इसलिए समूची भर्ती रद्द करने की बजाय केवल दोषियों को बाहर करने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि एकलपीठ ने 28 अगस्त, 2025 को पेपर लीक के आधार पर पूरी एसआई भर्ती-2021 रद्द कर दी थी।

नियमानुसार 60 दिन में अपील दायर करनी थी, लेकिन सरकार ने विलंब से अपील की। खंडपीठ ने देरी माफी का आवेदन स्वीकार करते हुए नोटिस जारी किए। इसी मामले में आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय, पूर्व सदस्य मंजू शर्मा और कई चयनित अभ्यर्थियों की अलग-अलग अपीलें भी लंबित हैं। इनमें भी खंडपीठ ने नोटिस तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

## भूमि आवंटन नीति के लिए मंत्रिमंडल उप समिति गठित

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार ने भूमि आवंटन नीति-2025 के प्रावधान 7.6 के तहत छूट एवं शिथिलता संबंधी प्रस्तावों की जांच और अनुशंसा के लिए छह सदस्यीय मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री की अनुमति से जारी आदेश के अनुसार उप समिति के सदस्यों में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की उप समिति प्राप्त प्रस्तावों की जांच कर आवश्यक अनुशंसा सहित अंतिम निर्णय के लिए मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करेगी। समिति का प्रशासनिक विभाग नगरीय विकास विभाग होगा तथा प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग इसके सदस्य-सचिव होंगे।

## प्रदेश को मिली कम टैरिफ पर बैटरी स्टोरेज परियोजना

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 500 मेगावाट/2000 मेगावाट-घंटा (4 घंटे सिंगल साइकल) की स्टैंड अलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) परियोजना के लिए प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इस निविदा में देश की अब तक की सबसे कम दर 2.85 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह की बोली प्राप्त हुई है। इस निविदा में छह प्रमुख डेवलपर्स ने सफलता प्राप्त की है।

## जेजेएम के 125 करोड़ के घोटाले का खुलासा

बेधड़क | जयपुर



खंडार विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत स्वीकृत 125 करोड़ रुपए की 91 परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने सोमवार को यह खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से 167 गांवों में पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य था, लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एक भी गांव को पानी नहीं मिला। फिर भी ठेकेदारों को करीब 90 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया। कई जगह जल स्रोत ही नहीं थे तो कहीं सिर्फ ढांचे बनाकर छोड़ दिए गए। कई परियोजनाओं में पाइपलाइन तक नहीं डाली गई।

### बेधड़क TOON




-शेखर

---

## अधूरी योजनाओं पर राज्य व केन्द्र सरकार जिम्मेदार

बेधड़क | जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में प्रेस वार्ता के दौरान राज्य और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के समय शुरू किए गए कई प्रोजेक्ट अब अटके हुए हैं। जोधपुर में मेडिकल यूनिवर्सिटी, प्रताप नगर, मंडोर, चौपासनी और नवचौकिया के जिला अस्पतालों में काम रुका हुआ है। कुछ अस्पतालों में डॉक्टर भी पर्याप्त नहीं हैं। गहलोत ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान करोड़ों रुपए खर्च कर किए गए प्रोजेक्ट अब बर्बाद हो रहे हैं। हॉस्पिटल में उपकरण नहीं आ रहे और बर्थ पैलेस महामंदिर में बनाए गए सीएचसी का काम भी ठप है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पहले कभी प्रोजेक्ट नहीं रोके। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर गहलोत ने कहा कि नए 45 जिलाध्यक्ष उनके समर्थक हैं और वे उनका समर्थन करेंगे। उन्होंने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया।

**राजस्थान पुलिस और आरआरयू गुजरात के बीच एमओयू**

# आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में मिलेगा सहयोग

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान पुलिस और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गुजरात के बीच सोमवार को पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एवं आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में अकादमिक, प्रशिक्षण और अनुसंधान सहयोग को मजबूत बनाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत स्मार्ट पुलिसिंग, सुरक्षा नवाचार और पेशेवर क्षमता विकास के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसका उद्देश्य राज्य की आंतरिक और सार्वजनिक सुरक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा कि इस एमओयू से स्मार्ट पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक और आंतरिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य अधिक संगठित और प्रभावी ढंग से हो सकेंगे। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. बिमल एन. पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 82 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। एमओयू पर राजस्थान पुलिस की ओर से डीआईजी प्रशिक्षण शरद चौधरी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की ओर से डीन अविनाश खारेल ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में डीजी (प्रशिक्षण एवं यातायात) अनिल पालीवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस दौरान डीजी कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




*एमओयू के दौरान मौजूद डीजीपी राजीव शर्मा, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. बिमल एन. पटेल। साथ में हैं डीजी संजय अग्रवाल व अन्य।*

## दिव्यांग बीएलओ बने मिसाल, 100% किया काम पूरा

**जयपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में राजस्थान ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। राज्य ने अब तक 4 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र ईसीआई-नेट पर अपलोड कर रिकॉर्ड बनाया है। देश के 12 राज्यों- केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे एसआईआर अभियान में राजस्थान एकमात्र राज्य है जहां 2000 से अधिक बूथ 100 प्रतिशत डिजिटलाइज हो चुके हैं। अब पूरी पंचायतों का डिजिटलाइजेशन भी शुरू हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की पहल पर शुरू हुआ बीएलओ सम्मान कारवां 78 से बढ़कर अब 1800 से अधिक हो चुका है।

**जरूरी खबर**

## चलते ट्रक में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**बेधड़क, जयपुर।** दादी का फाटक पुलिया पर सोमवार दोपहर एक ट्रक में अचानक आग लगने से दहशत फैल गई। ट्रक माल खाली कर एक निजी कंपनी से लौट रहा था। इंजन से धुआं उठने के साथ ही केबिन में आग फैल गई। चालक ने तुरंत ट्रक सड़क किनारे रोका और बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी झोटवाड़ा फायर स्टेशन को दी गई। फायर स्टेशन की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से ट्रक का केबिन जल गया।

## अदालती विवाद में फंसी सड़कों को खोलने की तैयारी

**बेधड़क, जयपुर।** अदालती विवादों के कारण अटकी सड़कों को खोलने के लिए जेडीए ने कवायद शुरू की है। जेडीए आयुक्त आनंदी ने सभी जोन उपायुक्तों और अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया है कि वे संबंधित मामलों की जानकारी उपलब्ध कराएं। जेडीए आयुक्त ने हिदायत दी है कि 26 नवंबर तक सभी विवरण जेडीए के निदेशक विधि को उपलब्ध कराए जाएं। इसके बाद निदेशक विधि के स्तर पर इन मामलों का समन्वय किया जाएगा, ताकि अदालतों में जेडीए का पक्ष मजबूती से रखा जा सके। जेडीए इन मामलों के निस्तारण के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई करेगा। इसमें अदालती स्थगन आदेश हटवाने के लिए भी त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि भूमि पर बसाई जा रही 3 कॉलोनियां ध्वस्त



**बेधड़क, जयपुर।** जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को 11 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 3 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा एक अवैध तीन मंजिला बिल्डिंग को सील किया। डीआईजी राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-12 में बगरू में करीब 3 बीघा निजी कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह ग्राम बेगस में करीब 4 बीघा भूमि पर और जोन-5 में द्रव्यवती नदी के करीब 4 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस पर दस्ते ने कॉलोनियों को ध्वस्त किया। वहीं, गायत्री नगर के प्लॉट नंबर 165 में बेसमेन्ट सहित 3 मंजिला अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई।

**पुलिस मुख्यालय के नए आदेश:** अब आयुक्त और रेंज आईजी सहित अधीनस्थ करेंगे पैदल गश्त

# अपराधियों खबरदार... हर शाम अब सड़कों पर पुलिस पहरेदार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए पैदल गश्त के सख्त आदेश जारी किए हैं। नए निर्देशों के अनुसार अब पुलिस आयुक्त, रेंज आईजी, जिला एसपी से लेकर सभी अधीनस्थ अधिकारी भी शाम 6 बजे से 9 बजे तक अनिवार्य रूप से पैदल गश्त करेंगे। गश्त के फोटो और वीडियो पुलिस मुख्यालय के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में तुरंत अपलोड करना अनिवार्य होगा। डीजीपी राजस्थान खुद इसकी मॉनिटरिंग करेंगे, जबकि मुख्यालय स्तर से औचक निरीक्षण भी होगा।

आईजी (कानून-व्यवस्था) अनिल कुमार टांक ने डीजीपी राजीव शर्मा के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से यह आदेश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि शाम के व्यस्त समय में बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों की पैदल मौजूदगी से अपराधियों में दहशत और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा होगा। हालांकि पुलिस आयुक्त और रेंज आईजी के गश्त के यह आदेश सोमवार शाम 6 से 9 बजे तक ही थे। आदेश जारी होते ही जयपुर सहित पूरे प्रदेश में पुलिस के आला अधिकारी मैदान में उतर आए।



*जयपुर शहर के परकोटे में पैदल गश्त करते पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल। साथ में एडिशनल कमिश्नर योगेश दाधीच, डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा।*

### मजबूत होगी कानून-व्यवस्था

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने गश्त के बाद कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से निचले स्तर के स्टाफ में जबरदस्त उत्साह आया है। यह पहल सिर्फ कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि टीम वर्क को बढ़ावा देने और पुलिस-जनता के बीच विश्वास कायम करने के लिए भी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास यही राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य है और हम इसे हर कीमत पर साकार करेंगे। गश्त के दौरान पुलिसकर्मी स्थानीय लोगों से बातचीत कर रहे हैं, दुकानदारों की समस्याएं सुन रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि वरिष्ठ अफसरों का सड़क पर उतरना स्टाफ के लिए प्रेरणा का काम कर रहा है।

### नियमित चलेगा अभियान

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार यह अभियान अब नियमित रूप से चलेगा और हर शाम 6 से 9 बजे तक सभी स्तर के अधिकारी सड़कों पर दिखाई देंगे। मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी होने वाली फोटो-वीडियो रिपोर्ट के आधार पर गश्त की प्रभावशीलता का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

### जयपुर में कमिश्नर निकले गश्त पर

जयपुर में कमिश्नर सचिन मित्तल टीम के साथ चारदीवारी पैदल गश्त पर निकले। बड़ी चौपड़ से छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार होते हुए परकोटा क्षेत्र तक उन्होंने पैदल मार्च किया। उनके साथ एडिशनल कमिश्नर योगेश दाधीच, डीसीपी नॉर्थ करन शर्मा अपनी टीम के साथ पैदल गश्त करते नजर आए। वहीं, जयपुर शहर में चारों जिलों के डीसीपी ने भी अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। जोधपुर, उदयपुर, कोटा सहित सभी रेंजों में रेंज आईजी और जिला एसपी भी सड़कों पर उतरे।

**बढ़ते प्रदूषण से सांसों पर बढ़ रहा संकट**

# जहरीली हो गई हवा... बीमार हो रहे लंग्स, दिमाग और दिल

**बेधड़क** | जयपुर


सर्दी की आहट के साथ राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश की हवा अब सांसों के लिए जहर बन चुकी है। सर्दी की दस्तक के साथ ही बढ़े प्रदूषण ने धूल के कणों व अन्य जहरीली हवाओं को मिलाकर एक ऐसा कॉकटेल तैयार कर दिया है, जो सीधे फेफड़ों से होते हुए खून में घुस रहा है। डॉक्टर्स ने चेतावनी दी है कि यह प्रदूषण अब सिर्फ अस्थमा या खांसी नहीं, बल्कि हार्ट अटैक और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों को ट्रिगर कर रहा है।

चिकित्सकों की मानें तो पीएम 10 और 2.5 का स्तर जब 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा रहता है, तो यह सीधे खून में घुसकर दिल और दिमाग पर असर डालता है। जयपुर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लगातार 200 से 300 के बीच घूम रहा है, जो 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह जहरीली हवा फेफड़ों, दिमाग और दिल को सीधा निशाना बना रही है, जिससे हार्ट अटैक, लंग्स खराब होने और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है।

### 24 नवंबर को रही यह स्थिति

| शहर | एक्यूआई |
|---|---|
| टोंक | 298 |
| भिवाड़ी | 295 |
| बीकानेर | 210 |
| जयपुर | 202 |
| झुंझुनूं | 199 |
| राजसमंद | 193 |
| सीकर | 190 |
| पाली | 183 |
| जालोर | 172 |
| भीलवाड़ा | 162 |
| भरतपुर | 161 |
| जोधपुर | 160 |
| जैसलमेर | 155 |

- पीएम2.5 का स्तर 120 से ऊपर, हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा
- जयपुर का एक्यूआई लगातार 200 से 300 के बीच, राजस्थान की हवा खराब



@जयपुर

फोटो: राजेश कुमावत

### डॉक्टरों की सलाह पर करें अमल

1. सुबह 7 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद बाहर न निकलें।
2. प्रदूषण से बचाव के लिए विशेष मास्क पहनें।
3. एयर प्यूरीफायर 24 घंटे चलाएं।
4. खिड़कियां-दरवाजे बंद रखें, इनडोर प्लांट्स लगाएं।
5. ब्लड प्रेशर और शुगर की दवा बिल्कुल न छोड़ें।
6. सिरदर्द, चक्कर, सीने में दर्द या सांस फूलने पर तुरंत अस्पताल जाएं।

### ब्रेन स्ट्रोक तक का खतरा



*डॉ. अचल शर्मा*

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर व पूर्व अधीक्षक एसएमएस अस्पताल डॉ.अचल शर्मा ने बताया कि वायु प्रदूषण अब सांस की बीमारियों जैसे निमोनिया, छाती में इन्फेक्शन, सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के दायरे से आगे बढ़कर लोगों को कहीं अधिक प्रभावित कर रहा है। प्रदूषण से लंग्स पर इफेक्ट के बाद जब शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा कम होती है तो यह कंडीशन सीवियर होती है। साथ ही धीरे-धीरे यह सभी ऑर्गन्स पर असर डालता है। ऐसे में दिमाग पर भी असर डाल सकता है, जिससे स्ट्रोक तक का खतरा पैदा होता है। पीएम2.5 व पीएम 10 का स्तर जब 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ऊपर होता है तो इसके कण इतने छोटे होते हैं कि फेफड़ों की दीवार पार करके सीधे खून में पहुंच जाते हैं, जिससे ब्रेन स्ट्रोक तक का खतरा होता है।

### हार्ट अटैक का खतरा



*डॉ. दिनेश गौतम*

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एसो. प्रोफेसर व कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश गौतम ने कहा कि सर्दी में खून गाढ़ा हो जाता है और जहरीली हवा से ऑक्सीजन कम मिल रही है। ऐसे में मरीज जो पहले से हार्ट की बीमारी से पीड़ित हैं, उनके लिए यह प्रदूषण खतरे की घंटी है। अगर किसी को हार्ट डिजीज नहीं है तो उसके लिए हार्ट अटैक का खतरा है, क्योंकि पार्टिकल्स और हैवी केमिकल्स हवा में मिलकर सांसों के जरिए शरीर और हार्ट कोरोनरी तक पहुंच रहे हैं। जिनको पहले से कोरोनरी डिजीज हैं, उनके लिए तो खतरा है। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से हर उम्र के मरीजों को हार्ट अटैक का जोखिम है। प्रदूषण से बचने के लिए उपाय करना जरूरी हैं। शरीर में ऑक्सीजन के अलावा किसी भी गैस का स्तर बढ़ने से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और ऑर्गन्स को नुकसान पहुंचता है।

### फेफड़ों पर सीधा हमला



*डॉ. नरेश कुमावत*

एसएमएस अस्पताल के अस्थमा, टीबी और एलर्जी स्पेशलिस्ट डॉ.नरेश कुमावत ने कहा कि लंबे समय तक इस हवा में सांस लेने से सीओपीडी और लंग्स को खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। बच्चों और बुजुर्गों के फेफड़े सबसे पहले प्रभावित हो रहे हैं। हर उम्र के इंसान के लंग्स प्रभावित हो रहे हैं। स्मॉग का सांसों के साथ भीतर जाना आपको भारी नुकसान पहुंचाता है, क्योंकि आपको पता भी नहीं चलता कि कब आप ने सांसों के साथ जहरीली हवा अपने भीतर ले ली और उसने खून में मिलकर जानलेवा रूप ले लिया। फेफड़ों में संक्रमण के साथ अस्थमा, सीओपीडी और सांस की अन्य बीमारियां भी उत्पन्न होती हैं। सांस लेने जैसी गंभीर समस्या होती है। यहां तक की पिछले 3-4 वर्षों में ऐसा देखा गया है कि जिन्हें अस्थमा की कभी शिकायत नहीं थी, अब इस मौसम में अस्थमा से पीड़ित होने लगे हैं।

**ट्रांसपोर्टर से लूटे थे 1.92 लाख रुपए**

## डेटिंग एप की दोस्ती बनी लूट का हनीट्रैप, युवती सहित 5 अरेस्ट



*पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी।*

**बेधड़क** | जयपुर

मुहाना थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्टर का अपहरण कर मारपीट और 1.92 लाख रुपए लूटने के मामले का खुलासा करते हुए एक युवती सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 22 हजार रुपए नकद और एक बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी मुस्कान खान उर्फ सोनिया (22) हरियाणा, विकास मीणा उर्फ विक्की (20) टोंक, साजिद खान (22) उनियारा (टोंक), लोकेश मीणा (20) और राहुल मीणा (20) सवाईमाधोपुर के रहने वाले हैं। डीसीपी (साउथ) राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि 21 नवंबर की शाम आरोपी सोनिया ने डेटिंग एप के जरिए पुरानी जान-पहचान वाले ट्रांसपोर्टर को केसर चौराहा बुलाया। वहां कार में बैठकर चाय पीने गई। वापसी में चार बदमाश जबरन कार में घुस गए और मारपीट कर पीड़ित को बंधक बना लिया। कोटखावदा में अन्य बदमाशों से मिलकर एक लाख रुपए ऑनलाइन गेमिंग एप में डलवाए और 92 हजार रुपए नकद निकलवाए। वाटिका रोड के एटीएम से 10-20 हजार के बीच में पैसे निकाले गए, जिन्हें बदमाशों ने आपस में बांट लिया।

**पुष्पवर्षा से किया पुलिस का स्वागत**

## ज्वेलरी लूटने वालों का निकाला जुलूस



**बेधड़क** | जयपुर

माणक चौक इलाके में सिद्धि विनायक कॉम्प्लेक्स स्थित गजानंद ज्वेलर्स से 57 किलो चांदी व 200 ग्राम सोना लूटने के मामले में पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार दो बदमाश हितेश प्रजापत उर्फ संजू निवासी पायल विहार कॉलोनी और अकरम निवासी शारदा कॉलोनी, जयसिंहपुरा खोर का जुलूस निकाला। इस दौरान दुकानदारों ने फूल बरसाकर पुलिस का स्वागत किया। बदमाशों को पुलिस थाने से वारदात स्थल तक पैदल लेकर गई। जुलूस माणक चौक एसीपी पीयूष कविया और थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में निकाला गया। बदमाशों ने गत दिनों ज्वेलरी शॉप से चांदी-सोना लूट लिया था। मामले में अभी टोंक के मालपुरा निवासी तोहिद और बरौनी निवासी अशफाक फरार चल रहे हैं।

**जेडीए:** पेच रिपेयर की थर्ड पार्टी जांच में बदलाव

## अब केवल 5% काम का होगा भौतिक सत्यापन

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए के पेच रिपेयर कार्यों की थर्ड पार्टी जांच में बड़ा बदलाव किया गया है। नगरीय विकास विभाग ने आदेश जारी कर कुल किए गए पेच रिपेयर का अब केवल 5% काम भौतिक रूप से जांचने का निर्देश दिया है। पहले इस जांच का दायरा 20% था, जिसे अब घटा दिया गया है।

जांच का कार्य आवासन मंडल द्वारा किया जाएगा। मंडल के अधिकारियों ने पहले कार्य की अधिकता का हवाला देते हुए जांच का दायरा घटाने की मांग की थी। विभाग ने 28 अक्टूबर को शहरों में पेच रिपेयर की गुणवत्ता जांच के आदेश दिए थे। यह पहला मौका है जब सरकारी एजेंसियां एक-दूसरे के कार्यों की जांच करेंगी। आवासन मंडल को जिम्मेदारी दी गई है कि वे राज्यभर के प्राधिकरण, नगर सुधार न्यास और जेडीए के पेच रिपेयर कार्यों का भौतिक सत्यापन करें। मेजरमेंट बुक (MB) में दर्ज कार्यों के अनुसार मंडल अधिकारी कार्यों की जांच करेंगे।

जेडीए के अभियंता मंडल के पेच रिपेयर कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे। विभाग को गत 15 नवंबर तक रिपोर्ट भेजने का निर्देश था, लेकिन कई निकायों में अभी तक जांच का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जानकारों का कहना है कि कार्य का भार ज्यादा होने के कारण 20% जांच करना मुश्किल था, इसलिए इसे घटाकर 5% किया गया है।

**मुंबई के होटल में मिला युवक**

# पिता से ₹8 लाख ऐंठने को रची अपहरण की साजिश

**बेधड़क** | जयपुर

प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक ऐसी वारदात का खुलासा किया है, जिसमें युवक ने खुद के अपहरण की झूठी कहानी रचकर अपने पिता से आठ लाख रुपए वसूलने की योजना बनाई। पिता के पास कॉल कर मारपीट और फिरौती की बात कहने वाले इस युवक को पुलिस ने मुंबई स्थित एक होटल से सकुशल पकड़ लिया।

डीसीपी पूर्व संजीव नैन ने बताया कि 21 नवंबर को करौली निवासी जगन्नाथ प्रसाद ने प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दी कि उसका 24 वर्षीय बेटा अनिल कुमार डागुर प्रतापनगर सेक्टर-10 में किराए से रहता है और विद्याधर नगर स्थित एक अस्पताल में काम सीख रहा था। अपराह्न करीब 3.56 बजे फोन कर उसने बताया कि कुछ लोग उसे मार रहे हैं और 8 लाख रुपए मांग रहे हैं।

थोड़ी देर बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया और कमरा भी बंद मिला। पिता की शिकायत पर थानाधिकारी प्रतापनगर राजेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच में कॉल लोकेशन और रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी से पुलिस को शक हुआ कि युवक अपहरण का शिकार नहीं हुआ है। उसकी लोकेशन मुंबई आई। विशेष टीम को तुरंत मुंबई भेजा गया, जहां अंधेरी ईस्ट स्थित होटल एयरपोर्ट इन रेजिडेंसी से युवक को पकड़ लिया गया।



*पुलिस गिरफ्त में युवक।*

### शैक्षणिक दबाव और बढ़ते कर्ज से था परेशान

थाना प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि पूछताछ में अनिल ने स्वीकार किया कि वह शैक्षणिक दबाव और बढ़ते कर्ज से परेशान था। उसने 2021 में वेटरनरी डिप्लोमा, 2023 में निजी कॉलेज से बीए और 2024 में महात्मा गांधी कॉलेज से बीएससी फिजिशियन असिस्टेंट कोर्स में प्रवेश लिया था, लेकिन कई विषयों में बैक लगने पर वह फंस गया। इन बैक पेपरों को पास करवाने के बहाने कुछ लोगों को पैसे देता गया, जिससे कर्ज बढ़ता गया। इसी तनाव में उसने खुद के अपहरण का नाटक रचकर पिता से पैसा लेने की योजना बना डाली।

### बेटे के खाते में ट्रांसफर किए 1 लाख रुपए

अनिल ने पिता को भावुक कर 1 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर भी करवा लिए और व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में बना रहा, ताकि पिता को लगे कि वह अपहरणकर्ताओं के चंगुल में है। मामले में मुंबई से जयपुर लाकर पूछताछ के बाद पुलिस ने अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बेटे का पता नहीं चलने पर पिता ने भी पुलिस के अधिकारियों और राजनेताओं से स्थानीय थाना पुलिस की शिकायतें की।

# यादों में धर्मेंद्र... फिल्मी पर्दे से संसद तक का सफर



# राजस्थान से धर्मेंद्र का रहा गहरा लगाव फिल्मों में भी झलकती थी पृष्ठभूमि

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का राजस्थान से विशेष लगाव रहा। रुपहले पर्दे की लोकप्रियता के साथ उन्होंने राजनीति में भी कदम रखा और अपना राजनीतिक सफर मरुस्थलीय धरती से शुरू किया। धर्मेंद्र सिर्फ पर्दे के सितारे ही नहीं थे, बल्कि राजनीति में भी उनकी छाप राजस्थान की धरती से रही है, वे साल 2004 में भाजपा की टिकट पर बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए थे। राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में उनकी फिल्मों की शूटिंग ने भी इस जुड़ाव को और गहरा किया। उनकी मशहूर फिल्म 'गुलामी' की शूटिंग रामगढ़-शेखावाटी में की गई, वहीं 'बंटवारा' और 'मेरा गांव मेरा देश' जैसी फिल्मों के दृश्यों में जयपुर-शेखावाटी की पृष्ठभूमि साफ झलकती है। राजनीतिक तौर पर भी उनका सफर सादा रहा। सांसद रहते हुए उन्होंने बीकानेर के किसानों के साथ खड़े होने की छवि दिखाई और विवादों के बावजूद जनता से संबंध बनाए रखे। धर्मेंद्र का जाना न सिर्फ सिनेमा का, बल्कि राजस्थान के लोगों के दिल के एक हिस्से का अंत है। बीकानेर में कई विकास परियोजनाएं हमेशा धर्मेंद्र की याद दिलाती रहेगी।

### धर्मेंद्र ने बेटे बॉबी-सनी के साथ की थी सभा

2004 के लोकसभा चुनाव में बीकानेर से कांग्रेस के रामेश्वर डूडी के सामने भाजपा ने धर्मेंद्र को उतारा था। कांटे की टक्कर को देखते हुए धर्मेंद्र ने बेटे बॉबी और सनी देओल को जनसभा के लिए बुलाया था। इन दोनों ने रेलवे स्टेडियम में सभा की थी। इसके बाद माहौल बदल गया और धर्मेंद्र 57 हजार वोटों से चुनाव जीते थे। खास बात यह थी कि बीकानेर शहर के अलावा सभी सीटों से धर्मेंद्र पीछे रहे थे। धर्मेंद्र एक साल तक क्षेत्र में नहीं आए तो 'गुमशुदगी' के पोस्टर तक लगा दिए गए थे।

### पहली फिल्म 'दिल भी तेरा, हम भी तेरे'

धर्मेंद्र ने अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत 60 के दशक में 'दिल भी तेरा, हम भी तेरे' फिल्म से की। इस मूवी के लिए उन्हें 51 रुपए की फीस मिली थी। इस फिल्म के हिट होने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक्शन फिल्मों में धर्मेंद्र ने वो जलवा दिखाया कि उन्हें बॉलीवुड का ही-मैन कहा जाने लगा। एक्शन के साथ ही धर्मेंद्र ने रोमांटिक और कॉमेडी मूवीज में भी अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी। अपने कॅरिअर में धर्मेंद्र ने 300 से ज्यादा फिल्मों में एक्टिंग की।

### जड़ों से जुड़ा रहा राजस्थान

धर्मेंद्र का जन्म 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के लुधियाना जिले में हुआ था, लेकिन उनका पारिवारिक मूल राजस्थान के झुंझुनूं जिले से जुड़ा बताया जाता है। बाद में उनका परिवार पंजाब में बस गया। धर्मेंद्र अक्सर कहा करते थे कि उन्हें राजस्थान की मिट्टी, लोग और संस्कृति बेहद प्रिय हैं।



चुनाव के दौरान एक सभा में धर्मेंद्र, सनी और बॉबी देओल।

### धर्मेंद्र की राजस्थान में शूट फिल्में

- गुलामी
- राजपूत
- बंटवारा
- मेरा गांव मेरा देश
- क्षत्रिय
- समाधि
- बड़ा आदमी
- धर्मवीर
- बागी
- लोहा
- फूल और पत्थर

### राजस्थान में मिला लाइफटाइम अचीवमेंट

फिल्मों की शूटिंग और बीकानेर के सांसद होने के साथ-साथ धर्मेंद्र का एक और चीज से राजस्थान से नाता है। यहां पर ही उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) में सम्मानित किया गया। किसी भी एक्टर के जीवन में लाइफटाइम अचीवमेंट का बड़ा महत्व होता है, क्योंकि वह उन्हें उनकी जीवनभर की अपने क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। राजस्थान में उन्हें यह सम्मान दिया गया। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है।



वसुंधरा राजे के साथ धर्मेंद्र।

### दो शादी, 6 बच्चे

दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने दो शादियां कीं। उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर हैं। प्रकाश कौर के चार बच्चे हैं। दो बेटे सनी देओल, बॉबी देओल और दो बेटियां विजेता व अजीता देओल। धर्मेंद्र ने दूसरी शादी अपने जमाने की बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री और वर्तमान में सांसद हेमा मालिनी सी की। हेमा से उनकी दो बेटियां ईशा और अहाना देओल हैं।

### सुबह इक्कीस का लुकआउट, दोपहर में मौत की खबर

सोमवार को धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म इक्कीस से उनका लुक सामने आया। फिल्म के मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर इक्कीस का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, पिता बेटों का पालन-पोषण करते हैं। महापुरुष राष्ट्र का निर्माण करते हैं। धर्मेंद्र जी, 21 वर्षीय अमर सैनिक के पिता के रूप में एक भावनात्मक शक्ति हैं। इस पोस्टर के बैकग्राउंड में धर्मेंद्र की आवाज भी है, जिसमें वह कहते हैं, यह मेरा बड़ा बेटा अरुण है और यह हमेशा 21 का ही रहेगा। बता दें कि 'इक्कीस' का निर्देशन श्रीराम राघव ने किया है। यह एक वॉर ड्रामा है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि धर्मेंद्र उनके पिता बने हैं। यह फिल्म इसी साल 25 दिसंबर को रिलीज होगी।

### राजमंदिर में पहली फिल्म धर्मेंद्र की

धर्मेंद्र का विश्वभर में फेमस जयपुर के सिनेमा हॉल राजमंदिर से भी खास किस्सा जुड़ा हुआ है। जब यह मशहूर सिनेमा हॉल बनकर तैयार हुआ तो इसमें सबसे पहली फिल्म लगी थी चरस। इस फिल्म के हीरो धर्मेंद्र थे। इस फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रेस्पांस मिला और यह हाउसफुल रही थी।

## पेट्रोल पंप पर लोहे का ढक्कन गिरने से युवक की मौत



**बीकानेर।** श्रीडूंगरगढ़ थाना इलाके के गुंसाईसर बड़ा गांव में पेट्रोल पंप पर काम करने वाले युवक की डीजल टैंक का ढक्कन गिरने से मौत हो गई। युवक रविवार रात 2 बजे डीजल टैंक का ढक्कन बंद करने गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया। डीजल टैंक का लोहे का ढक्कन उस पर गिर गया। ढक्कन के नीचे उसका धड़ आ गया। सिर्फ सिर और एक पैर बाहर था। पंप पर मौजूद अन्य कर्मचारी तुरंत उसकी तरफ भाग कर गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में लूणाराम (23) पुत्र तोलाराम गोदारा की मौत हुई है। सूचना पर पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और मौका मुआयना किया।

## कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन... रैली निकाली, विरोध-प्रदर्शन

# बैरिकेडिंग पर चढ़े MLA, पुलिस से उलझे

■ मनरेगा में काम की मंजूरी नहीं आने तक बेमियादी पड़ाव की चेतावनी

**बेधड़क | डूंगरपुर**

मनरेगा में कार्य मंजूर नहीं होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक गणेश घोघरा के नेतृत्व में सोमवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। इसके बाद जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और लोग कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। यहां से नए जिलाध्यक्ष बने विधायक गणेश घोघरा के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

ढोल नगाड़ों के साथ तगारी लेकर कार्यकर्ता व अन्य लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में घुसने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने कलेक्ट्री गेट के सामने पहले से बैरिकेडिंग लगा दी थी। विधायक गणेश घोघरा और उनके समर्थक हंगामा करते हुए बैरिकेड्स पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया और धक्का देकर बैरिकेड्स से उन्हें रोके रखा। इस बीच पुलिस और विधायक के बीच बहसबाजी भी हुई। काफी देर तक हंगामे के बाद विधायक अपने समर्थकों के साथ बैरिकेड्स से नीचे उतरे। इसके बाद विधायक कलेक्ट्री गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए।



बैरिकेडिंग पर चढ़कर विरोध-प्रदर्शन करते MLA गणेश घोघरा व समर्थक।

### जिले में नरेगा योजना ठप हो गई

विधायक गणेश घोघरा ने कहा कि आज जिले में मनरेगा योजना ठप हो गई है। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष बेरोजगार हैं। मनरेगा में कार्य की मंजूरी नहीं आने से बेरोजगार गुजरात में जा रहे हैं। रोजगार नहीं होने से आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। विधायक ने कहा कि कलेक्टर को भी लोगों की समस्या सुनने की फुर्सत नहीं है। विधायक ने कहा कि मनरेगा योजना में मंजूरी नहीं मिलने तक बेमियादी धरना दिया जाएगा। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान, प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट पर ट्रैक्टर लेकर आते किसान।

**पाली।** नहरों की सफाई करवाने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों किसान ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जय जवान, जय किसान के नारे लगाते हुए किसानों ने यहां प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला कलेक्टर एलएन मंत्री से मिले और अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि सरदार समंद बांध से निकलने वाली नहरों की सफाई नहीं करवाई गई है। ऐसे में नहर के अंतिम छोर के गांव मंडली दर्जीयान, दूदिया, ढाबर, बड़ी ढाबर, बांडाई चक तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों ने कहा कि पानी के अभाव में खेतों में खड़ी किसानों की फसलें जल गई तो उसका नुकसान कोर्ट के जरिए किसान प्रशासन से वसूल करवाने की कार्रवाई करेगा। सरदार समंद बांध कमांड क्षेत्र के अध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और सामूहिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

## कार्रवाई की सूचना पर तहसीलदार फरार

# कनिष्ठ सहायक 18500 रुपए की घूस लेते ट्रैप

**बेधड़क | सवाई माधोपुर**

एसीबी टीम ने सोमवार को बरनाला तहसील में कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह को 18,500 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इस दौरान तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता को कार्रवाई की भनक लगते ही वह मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी सवाई माधोपुर को शिकायत मिली थी कि उसके पिता द्वारा दानपत्र के जरिए दी गई जमीन की रजिस्ट्री करवाने के एवज में तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह के माध्यम से रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहे हैं।

तहसीलदार गुप्ता ने अपने कार्यालय में पदस्थापित कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह के जरिए 28,500 रुपए की रिश्वत मांगी थी। टीम ने 20 नवंबर को शिकायत का सत्यापन करवाया, जिसमें कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह ने शिकायतकर्ता से सीताराम की ई-मित्र की दुकान पर 10,000 रुपए का ऑनलाइन चालान करवा दिया। शेष 18,500 रुपए रजिस्ट्री के दिन लेने पर सहमति बनी।



### कार्यालय में पकड़ा

सोमवार को आरोपी कुलदीप सिंह ने तहसीलदार लक्ष्मण गुप्ता से मोबाइल पर बात की। इसके बाद उसने शिकायतकर्ता से ई-मित्र की दुकान पर 18,500 रुपए की रिश्वत लेकर जेब में रख ली। शिकायतकर्ता और कुलदीप यहां से बरनाला तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह को 18,500 रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## गंगधार थाना क्षेत्र के मकोड़िया गांव की घटना

# खेत में जा रहे किसान पर पैंथर ने किया हमला, घायल

**बेधड़क | झालावाड़**

गंगधार थाना क्षेत्र के मकोड़िया गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब खेतों में अचानक एक पैंथर आ गया। पैंथर ने खेत में काम कर रहे एक किसान पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पैंथर की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार सुबह किसान अपने खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक पैंथर खेत में आ गया और किसान कालूराम पर हमला कर दिया। हमले में कालूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने शोर मचाकर आस-पास मौजूद किसानों से मदद की गुहार लगाई। कालूराम की चीख-पुकार सुनकर किसान मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर पैंथर को वहां से खदेड़ा।



वह खेत जहां पैंथर ने हमला किया। इधर, अस्पताल में घायल किसान का उपचार करते चिकित्साकर्मी।

### पिंजरे के साथ पहुंची वन विभाग की टीम

वन विभाग के डीएफओ सागर पंवार ने बताया कि मकोड़िया गांव में सुबह पैंथर दिखाई देने की सूचना मिली थी। मौके पर टीम को पिंजरे के साथ भेजा गया। टीम ने पैंथर को रेस्क्यू करने के लिए कई स्थानों पर तलाशा, लेकिन वह दिखाई नहीं दिया। पैंथर के पद चिह्नों के आधार पर उसकी लोकेशन खोजी जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पैंथर को ट्रेस आउट कर रेस्क्यू कर लिया जाएगा।

### किसान का इलाज जारी

किसान कालूलाल का सीएचसी चौमहला में उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, किसान के शरीर पर पंजों के गहरे निशान हैं, हालांकि, उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर है। इधर, पैंथर की मौजूदगी की सूचना मिलते ही गांव में दहशत फैल गई। किसानों ने बताया कि वे इस घटना के बाद खेतों पर अकेले जाने से डर रहे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें।

## पूर्व CM राजे पहुंचीं आसींद, वर-वधू को दिया आशीर्वाद



**बेधड़क | भीलवाड़ा**

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सोमवार को आसींद पहुंचीं, जहां उन्होंने विधायक जबर सिंह सांखला के पुत्र सूरज के विवाह समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम में राजे के साथ भाजपा के कई नेता भी पहुंचे। इनमें मंत्री जोराराम कुमावत, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, प्रधान ऐश्वर्या रावत, सांसद दामोदर अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, विधायक उदयलाल भड़ाना, विधायक गोपीचंद मीणा, पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी, विधायक लादू लाल पितलिया आदि शामिल रहे। राजे ने जबर सिंह और उनके परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद वर सूरज और वधू काजल कंवर को आशीर्वाद दिया।

### अयोध्या की तर्ज पर राजस्थान भी धर्म ध्वजोत्सव के लिए तैयार

# प्रदेश में आज हर मंदिर और घर पर फहरेंगी धर्म ध्वजाएं

**बेधड़क | जयपुर**

अयोध्या धाम में होने वाले बड़े धर्म ध्वजोत्सव से प्रेरित होकर अब राजस्थान भी पूरी तरह तैयार हो रहा है। श्रीरामलला अयोध्याजी सेवा समिति के अध्यक्ष आचार्य डॉ. राजानंद शास्त्री ने बताया कि 25 नवंबर को अयोध्या में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्म ध्वजा फहराएंगे, उसी समय राजस्थान के हर गांव, हर मोहल्ले, हर मंदिर और घर पर भी धर्म ध्वजाएं फहराई जाएंगी। इस अभियान की तैयारी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में शुरू हो चुकी है। जयपुर में सोमवार को हुई समिति की बैठक में आचार्य ने बताया कि यह सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि पूरे सनातन समाज के लिए गर्व का अवसर है। उन्होंने कहा कि जयपुर को छोटी काशी कहा जाता है और यहां धार्मिक परंपराओं का खास महत्व है, इसलिए यहां के हर मंदिर, आश्रम, मठ, घर और दुकान पर धर्म ध्वजा लगाने का निर्णय लिया है। कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को इसका काम सौंपा है। ये संस्थाएं लोगों को जोड़ने और ध्वज बांटने का काम कर रही हैं।


श्रीरामलला अयोध्याजी सेवा समिति की बैठक के बाद समिति अध्यक्ष आचार्य डॉ. राजानंद शास्त्री तथा अन्य।

### 1100 धर्म ध्वजाएं निशुल्क होंगी वितरित

आचार्य ने बताया कि श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास और उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास महाराज के मार्गदर्शन में मणिरामदास छावनी से 1100 धर्म ध्वजाएं निशुल्क वितरित की जाएंगी। इसी प्रेरणा से राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में हजारों धर्म ध्वजाएं तैयार की जा रही हैं। इन्हें गांवों, मोहल्लों, मंदिरों और प्रतिष्ठानों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी तब पूरे देश में धर्म ध्वजाएं फहराकर एकता का संदेश दिया था। उसी तरह अब 25 नवंबर को अभिजीत मुहूर्त में हर सनातन धर्म प्रेमी को अपने घर और मंदिर पर धर्म ध्वजा फहरानी चाहिए। इससे यह संदेश जाएगा कि भारत मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और दुनिया को आध्यात्मिक मार्ग दिखाने की क्षमता रखता है।

### शांति और एकता का संदेश देने के लिए धर्म ध्वजा फहराने की अपील

राजस्थान के लोग इस अभियान को लेकर बहुत उत्साहित हैं। जयपुर में स्वयंसेवक, मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय समाज के लोग मिलकर ध्वजा स्थापना के कार्यक्रम बना रहे हैं। आचार्य ने सभी धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे 25 नवंबर को निर्धारित समय पर धर्म ध्वजा फहराकर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनें और दुनिया को सनातन धर्म की शांति और एकता का संदेश दें। चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर के महंत पं. अमित शर्मा ने बताया कि मंगलवार को मंदिर के शिखर पर ध्वजा फहराई जाएगी।

### 350वें शहीदी वर्ष पर नई दिल्ली में होगा कार्यक्रम

# 307 संगत का जत्था जयपुर से आज जाएगा शीशगंज गुरुद्वारा

**बेधड़क | जयपुर**

नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर, भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला के 350वें शहीदी वर्ष पर नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम के लिए जयपुर से 307 संगत का जत्था मंगलवार को वाहनों से शीशगंज गुरुद्वारे के लिए रवाना होगा। राजस्थान सिख सभा की यूथ विंग के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह शंटी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश-विदेश से लाखों संगत शिरकत कर गुरु तेज बहादुर के बताए वचनों को यादकर उन पर चलने का संकल्प दोहराएगी। शहीदी वर्ष पर जयपुर के सभी गुरुद्वारों में कीर्तन दीवान सजाकर गुरु के वचनों से संगत को अवगत कराया जाएगा। मुख्य दीवान राजापार्क गुरुद्वारे में सजेगा। सभी गुरुद्वारों में लंगर प्रसादी वितरित की जाएगी।


गुरु तेग बहादुर सर्किल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोग।


गुरु तेग बहादुर प्रश्नावली में भाग लेते बच्चे।

### सतनाम वाहेगुरु का जाप किया

गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस से पूर्व सोमवार को राजस्थान सिख समाज और गुरुद्वारा कमेटी की ओर से गुरु तेग बहादुर सर्किल झालाना डूंगरी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सतनाम वाहेगुरु का जाप कर सरबत के भले की अरदास की। कार्यक्रम में राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष जसबीर सिंह, यूथ विंग अध्यक्ष देवेंद्र सिंह शंटी, गुरुद्वारा अधिकारी व नौजवान सेवादल के सदस्य मौजूद रहे।

### प्रश्नावली का आयोजन

शहीदी दिवस पर सुखमनी सेवा सोसायटी बनीपार्क ने विशेष कार्यक्रम किया। सोसायटी की अध्यक्ष पिंकी सिंह ने गुरु की शहादत पर आधारित एक पुस्तिका का वितरण किया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए गुरु तेग बहादुर प्रश्नावली का आयोजन भी किया गया ताकि वे गुरु के जीवन, उनके आदर्शों और बलिदान के बारे में जान सकें। शहीदी वर्ष के उपलक्ष में सोसायटी के पाठ ग्रुप अपणी मेहर कर के सदस्यों ने गुरु बाणी और गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ किए।

## आज का पंचांग

- **शुभ वि. स.:** 2082
- **हिजरी संवत:** 1447
- **ऋतु:** हेमंत ऋतु
- **संवत्सर का नाम:** सिद्धार्थ
- **मास:** मार्गशीर्ष
- **पक्ष:** शुक्ल
- **शाके संवत:** 1947
- **अयन:** सूर्य दक्षिणायन

**आज का दिन**

मंगलवार, 25 नवंबर, 2025

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज चर-लाभ और अमृत का चौघड़िया 09.29 से 01.27 बजे तक रहेगा। इसके बाद शुभ का 02.46 से 04.05 बजे तक रहेगा। इन में शुभ कार्य किए जा सकते हैं।

**अभिजीत :** 11.46 से 12.28 तक है।

**तिथि:** पंचमी तिथि रात 10.58 बजे तक रहेगी। इसके बाद षष्ठी तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** उत्तर दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**राहु काल:** आज दोपहर 02.46 से 04.05 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** उत्तराषाढ़ा रात 11.58 बजे तक, बाद में श्रवण नक्षत्र रहेगा।

**योग:** गण्ड 12.49 बजे तक, इसके बाद में वृद्धि योग रहेगा।

**व्रत और त्योहार**

**व्रत:** आज राम-जानकी विवाह पंचमी है। इसका व्रत किया जाएगा।

-पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- विवाह पंचमी पर छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीतारामजी से रात्रि 8 बजे रामजी की बारात निकलेगी।
- चांदी की टकसाल गुरुद्वारे में गुरु तेग बहादुर के शहीदी वर्ष पर शाम 6.30 बजे कीर्तन दीवान सजेगा।
- चांदपोल स्थित मंदिर श्री रामचंद्रजी में शाम 6 बजे भगवान रामचंद्रजी का विशेष शृंगार किया जाएगा।

### समाज रत्न सम्मान से 11 प्रतिभाएं सम्मानित

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान जन मंच, पक्षी चिकित्सालय तथा परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में 30वां समाज रत्न-2025 सम्मान समारोह प्रेम निकेतन आश्रम सभागार में हुआ। इस अवसर पर 11 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही तीन बाल रत्न, दो युवा रत्न और एक संस्था रत्न सम्मान भी प्रदान किए गए। प्रतिभाओं को राजस्थान जन मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश राणा, संस्थापक महासचिव और संयोजक कमल लोचन, आरके अग्रवाल, डॉ. रेखा जैन, अभय नाहर, श्याम विजय और एनके खींचा ने साफा पहनाकर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

### श्रीराम-जानकी विवाह मंगल महोत्सव

# आभूषण व जरी का बेस चढ़ाकर सीताजी की गोद भराई की

**बेधड़क | जयपुर**

छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीतारामजी में चल रहे श्रीराम-जानकी विवाह मंगल महोत्सव में सोमवार को रामजी का तिलक, मटकोर और मेहंदी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। पुजारी नंद किशोर शर्मा ने भगवान राम को नई पोशाक और आभूषण पहनाकर सुंदर शृंगार किया।

सीतारामजी समाज के उपाध्यक्ष रामप्रसाद अग्रवाल ने जनकजी की जगह बैठकर रामजी का तिलक किया। उन्होंने भगवान को माला और दुपट्टा पहनाया, मिठाई-पान खिलाए और वस्त्र व आभूषण अर्पित कर गोद भराई की रस्म पूरी की। तिलक के दौरान साधु-संतों ने वेद मंत्रों का उच्चारण किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। अयोध्या से आए संतों और बारातियों का भी पारंपरिक रूप से माला, दुपट्टा, वस्त्र और भेंट देकर सम्मान किया गया।


श्रीराम-जानकी विवाह में शामिल सीतारामजी समाज के लोग।

### चलो-चलो सखी मटकोर करेला......

अयोध्या की परंपरा को निभाते हुए बृज बिहारी दुसाद और अनुराग खेतान ने मिठाई, फल, आभूषण और सोने की जरी का बैस चढ़ाकर सीताजी की गोद भराई की रस्म सम्पन्न की। इस अवसर पर समाज के रामशरण हल्दिया, अवधेश पोद्दार सहित अन्य ने तिलक, मटकोर और मेहंदी से जुड़े भक्ति पद गाए। कार्यक्रम में चलो-चलो सखी मटकोर करेला... जैसे पदों ने उत्सव को और भी आनंदमय बना दिया।


### मेवे और केसर के लड्डू बनाए

मिथिला की मान्यता के अनुसार मटकोर के लिए कन्या पक्ष की महिलाएं कमला नदी की मिट्टी लेकर आई। उसी मिट्टी से फेरे की वेदी तैयार कर इस परंपरा को निभाते हुए राजकुमारी अग्रवाल, गायत्री कृष्णा अग्रवाल, उर्मिला कृष्णा कूलवाल, सुनीता अग्रवाल, सुशील शर्मा और रेखा शर्मा ने कमला नदी का पूजन कर मिट्टी लाई और मटकोर की रस्म पूरी की। इसके बाद मेहंदी महोत्सव में मिथिला की सखियों ने सीताजी के हाथों पर सुंदर मेहंदी लगाई। विवाह महोत्सव के दौरान माता सुनैना की भूमिका निभाने वाली महिलाओं ने बेटी के लिए काजू, बादाम, पिस्ता और केसर मिले मोटे आटे के लड्डू बनाकर भोग लगाया।

# ताड़केश्वर महादेव का कल होगा अलौकिक शृंगार

**बेधड़क | जयपुर**

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को एक शाम बाबा के नाम कार्यक्रम में भगवान शिव का अलौकिक शृंगार किया जाएगा। ठिकाना ताड़केश्वर महादेव मंदिर के शक्ति महाराज ने बताया कि सेवा पूजा दोपहर 2 बजे तक चलेगी। शाम 6 बजे से एक शाम बाबा के नाम कार्यक्रम में अधिक से अधिक भक्तजन शामिल होकर भगवान के दर्शन करेंगे। कैलाशी नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि जयपुर को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां बहुत से प्राचीन मंदिर हैं। इनमें से एक ताड़केश्वर नाथ का मंदिर है। यह मंदिर जयपुर के स्थापना काल 1727 ईस्वी के आसपास का माना जाता है। स्थानीय मान्यता है कि यह जगह पहले ताड़ के पेड़ों का जंगल था। एक दिन शेर और बकरियों की लड़ाई के बाद इस स्थान से आवाज आई। खुदाई करने पर यहां स्वयंभू शिवलिंग मिला था। इस शिवलिंग की एक खास बात यह है कि नंदी की प्रतिमा शिवलिंग के सामने नहीं, बल्कि दाईं ओर स्थित है। यह तांत्रिक विधि से स्थापित माना जाता है। मंदिर में आने वाले भक्तजन बाबा ताड़केश्वर नाथ की अनुकंपा का अनुभव करते हैं और विशेष पर्वों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।



# भागवत में सुख-दुख व आनंद की शिक्षाएं

**बेधड़क | जयपुर**

कालवाड़ रोड स्थित सुशांत सिटी प्रथम के गणेश नगर पार्क में गणेश नगर विकास समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को व्यासपीठ से कथावाचक पं. दीपक अवस्थी महाराज ने भगवान कृष्ण के जन्म, समुद्र मंथन और पूतना वध समेत अनेक प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख और दुख, दिन और रात आते रहते हैं, लेकिन शास्त्रों में आनंद की विशेष और विचित्र व्याख्या की गई है। उन्होंने बताया कि सच्चा आनंद कभी कम नहीं होता, इसे बढ़ाकर ब्रह्म आनंद और परमानंद की प्राप्ति की जा सकती है। महाराज ने कहा कि यदि जीव के जीवन में सच्चा आनंद आ जाता है तो उसके जीवन की सारी चिंता और दुख स्वयं दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने और समझने से व्यक्ति के मन और आत्मा में स्थायी आनंद उत्पन्न होता है। इसके माध्यम से जीवन में स्थिरता, संतुलन और मानसिक शांति भी आती है। उन्होंने यह भी बताया कि आनंद केवल भौतिक सुख नहीं है, बल्कि यह आत्मा और मन की गहरी अनुभूति है। पं. अवस्थी ने सभी को भगवान की भक्ति में आनंद प्राप्त करने और जीवन को सकारात्मक बनाने की प्रेरणा दी।



# वैशाली नगर व नेहरू नगर गुरुद्वारे में आज होंगे विशेष कार्यक्रम

**बेधड़क | जयपुर**

नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर, भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला के 350वें शहीदी वर्ष पर गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुद्वारा वैशाली नगर के प्रधान सरदार सर्वजीत सिंह मखीजा ने बताया कि 25 नवंबर को भाई गुरप्रीत सिंह अटारी और हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर आसा दी वार का पाठ कराएंगे। कीर्तन दीवान के बाद अटूट लंगर बरताया जाएगा। गुरुद्वारा नेहरू नगर पानीपेच में भी 25 नवंबर को विशेष कीर्तन दीवान और अन्य कार्यक्रम होंगे। सरदार हरचरण सिंह, प्रधान, गुरुद्वारा नेहरू नगर ने बताया कि सुबह 10 बजे संगत की ओर से 51 सहज पाठ साहब के भोग डाले जाएंगे। घरों में किए गए जपजी साहब के पाठ की भी अरदास होगी। सहज पाठ के बाद कीर्तन दीवान और रात में रहरास साहिब के पाठ के बाद कीर्तन दीवान आयोजित होगा। सभी दीवानों के उपरांत अटूट लंगर बरताया जाएगा।



# जगन्नाथपुरी के लिए विशेष ट्रेन से 970 यात्री रवाना



**बेधड़क | जयपुर**

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत सोमवार को जवाई बांध से जगन्नाथपुरी के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें सिरोही और जालौर के 241 यात्री, पाली जिले के 150 यात्री तथा जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर और फलोदी के 579 यात्री शामिल हैं। कुल 970 वरिष्ठ नागरिक इस यात्रा में भाग ले रहे हैं। कुमावत ने यात्रियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई थी और यह काफी सफल रही। इस अवसर पर पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, ज्ञानेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, जिला संयोजक, पूनम सिंह जिला उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश पालीवाल अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग उपस्थित थे।

### श्रील गोस्वामी पाद का 28वां तिरोभाव दिवस मनाया

# प्रेम और निस्वार्थ भाव से श्रील ने की भगवान की सेवा

**बेधड़क | जयपुर**

गोविंद देवजी मंदिर के पूर्व महंत मन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य श्रील प्रद्युम्न कुमार देव जीऊ के 28वें तिरोभाव दिवस पर सोमवार को मंदिर परिसर में लगभग आधे घंटे तक हरिनाम संकीर्तन किया गया। यह संकीर्तन महंत अंजन कुमार गोस्वामी की मौजूदगी में हुआ। वैष्णव मंडली मंदिर से जुड़े सेवक और बड़ी संख्या में आए भक्त इसमें शामिल हुए।

संकीर्तन की शुरुआत ठाकुर राधा-गोविंद देवजी और श्रील प्रद्युम्न कुमार गोस्वामी के चित्रों के सामने दीप जलाकर और पुष्प अर्पित करके की गई। इस अवसर पर गौ सेवा भी की गई। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने श्रील गोस्वामी पाद के जीवन और उनके द्वारा किए गए धार्मिक कार्यों को श्रद्धा से याद किया। उन्होंने कहा कि श्रील प्रद्युम्न कुमार देव जीऊ ने हमेशा सरलता प्रेम और निस्वार्थ भाव से भगवान की सेवा की। सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने सभी भक्तों का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्रील गोस्वामी पाद की सेवा परंपरा ही आज मंदिर की प्रगति और भव्यता का मुख्य कारण है।

### ■ हरिनाम संकीर्तन, पूजा और गौ सेवा का हुआ आयोजन



गोविंद देवजी मंदिर के पूर्व महंत श्रील गोस्वामी पाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते महंत अंजन कुमार गोस्वामी।

### दर्शन मंडप और छावनी का कराया निर्माण

श्रील गोस्वामी पाद सोलह वर्ष की उम्र में ही अपने पिता के साथ मंदिर सेवा से जुड़ गए थे और जीवन भर ठाकुर राधा-गोविंद देवजी की सेवा को ही उन्होंने सबसे बड़ा धर्म माना। वे स्वभाव से बहुत सरल थे। सबके साथ नम्रता का व्यवहार करते थे। भगवान के प्रति उनकी गहरी आस्था और निष्ठा सभी को प्रेरित करती थी। श्रीमद् माधव गौड़ीय संप्रदाय में उनकी सेवाओं से नई आध्यात्मिक ऊर्जा आई। उनके मार्गदर्शन में गर्भ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ। जगमोहन मंदिर के बाहर दर्शन मंडप और छावनी का निर्माण कराया गया, जिससे भक्तों को सुविधापूर्वक दर्शन हों।

### गोविंद देवजी से रवाना होगी पोथी यात्रा

गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री के पं. राजकुमार चतुर्वेदी की उपस्थिति में रामेश्वर तीर्थ में 2 से 9 दिसंबर तक बापा सीताराम आश्रम में राम कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि कथावाचक आचार्य राजेश्वर महाराज राम कथा का वर्णन करेंगे। कथा के शुभारंभ के लिए 26 नवंबर को सुबह 10 बजे राधा-गोविंद देवजी मंदिर में चौखट पूजन किया जाएगा। इसके बाद महंत अंजन कुमार गोस्वामी और नगर के प्रमुख संत-महंत पोथी यात्रा को आशीर्वाद देंगे। यात्रा बैंड-बाजे के साथ रामेश्वरम् के लिए रवाना होगी। आचार्य डॉ. राजेश्वर महाराज ने कहा कि राम कथा जीवन को सही रास्ता दिखाती है।

### हिंद की चादर: गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस

# धर्म, मानवाधिकार और मानवीय स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च बलिदान के 350 वर्ष



जसबीर सिंह
पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग

> *बादशाह के आदेश से गुरु जी को तंग पिंजरे में कैद कर दिया गया व उनके सामने तीन शर्तें रखी गईं, पहली- कोई करामात दिखाइए, दूसरी- इस्लाम कबूल कीजिए और तीसरी- मृत्यु के लिए तैयार हो जाइए। गुरु जी ने इन शर्तों को मानने से इंकार कर दिया, तब शाही फरमान आया कि चांदनी चौक में लोगों के सामने उन्हें मार डाला जाए। 25 नवंबर 1675 के दिन गुरु जी ने प्रातः स्नान किया और जपुजी साहिब का पाठ किया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आसमान पर बादल और काली घटाएं छाई हुई थीं, तेज हवाएं चल रही थीं। जल्लाद आया और तलवार से गुरु जी का सिर धड़ से अलग कर दिया गया।*

चौदहवीं व पंद्रहवीं शताब्दी में भारत बाहरी आक्रांताओं के अत्याचार और कट्टर धर्मांधता से ग्रस्त था। बाबर के समय हो रहे अत्याचारों पर सिख परंपरा के पहले गुरु गुरुनानक देव जी ने अपनी वाणी में कहा, "खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराइआ। आपै दोसु न देई करता जमु कर मुगल चड़ाइआ। एती मार पई करलाणे तै की दरद न आइआ।।" अर्थात खुरासान से आए हुए मुगल आक्रांताओं ने हिंदुस्तान की जनता को डरा रखा है और अत्याचार कर रहे हैं, और हे ईश्वर, क्या आपको अत्याचार से पीड़ित लोगों के लिए दर्द अनुभव नहीं हो रहा? बाहरी आक्रांताओं के अत्याचार निरंतर जारी रहे तथा पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव जी पर तत्कालीन शासक जहांगीर के आदेश से जलती हुई रेत डाली गई, जलती हुई लाल कढ़ाही में डाला गया, गरम जल से नहलाया गया और उनकी जीवन लीला समाप्त कर दी गई। रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी पुस्तक "संस्कृति के चार अध्याय" में लिखा कि तब तथाकथित सुविख्यात जहांगीरी न्याय का यह उदाहरण संसार के सामने आया। औरंगजेब के शासन काल में वृहत्तर समाज पर अत्याचारों व जबरन धर्मांतरण की पराकाष्ठा होने लगी। उसने मथुरा, काशी, गुजरात, उड़ीसा, बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश आदि में मंदिरों को तुड़वाना और बहुसंख्यक समाज पर अतिरिक्त कर (जजिया) लगा दिया। उसने अपने अधिकारियों को हुक्म दिया कि बहुसंख्यक समाज के लोगों के माथे से तिलक मिटा दिए जाएं और उनके जनेऊ उतारकर जबरन धर्मांतरण करा दिया जाए।

ऐसी परिस्थितियों में 500 कश्मीरी पंडितों का जत्था गुरु तेग बहादुर जी के पास आनंदपुर साहिब, पंजाब पहुंचा और शासक के जुल्म से बचाने का आग्रह किया। तब गुरु जी ने उस दल से कहा, "जाओ और बादशाह के सिपहसालारों से कहो कि पहले गुरु तेग बहादुर को धर्मांतरण कबूल करने के लिए मनाएं, फिर हम सब इस्लाम कबूल कर लेंगे।" गुरु जी निर्दोष व मासूम लोगों को निष्ठुरता और जुल्म से बचाने के लिए अपने शिष्य भाई मतीदास, सतीदास और भाई दयाला जी के साथ आनंदपुर साहिब छोड़ पटियाला, धमतान, जींद, रोहतक, आगरा के रास्ते दिल्ली के लिए रवाना हो गए। औरंगजेब दिल्ली से बाहर गया हुआ था। उसके वजीरों ने गुरु जी को बादशाह के हुक्म अनुसार इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए कहा। 12 मार्गशीर्ष 1732 विक्रम संवत्, तदनुसार 23 नवंबर 1675 का दिन था। जब हर कोशिश के बावजूद गुरु जी नहीं माने तो उन्हें डराने व झुकाने के लिए भाई मतीदास जी को लकड़ी के घेरे में खड़ा कर एक बड़े आरे से चिरवाया गया। 24 नवंबर को भाई दयाला जी को उबलते पानी की देग में डाल दिया गया और फिर सतीदास जी को रूई में लपेटकर आग लगा दी गई।

बादशाह के आदेश से गुरु जी को तंग पिंजरे में कैद कर दिया गया व उनके सामने तीन शर्तें रखी गईं, पहली- कोई करामात दिखाइए, दूसरी- इस्लाम कबूल कीजिए और तीसरी- मृत्यु के लिए तैयार हो जाइए। गुरु जी ने इन शर्तों को मानने से इंकार कर दिया, तब शाही फरमान आया कि चांदनी चौक में लोगों के सामने उन्हें मार डाला जाए। 25 नवंबर 1675 के दिन गुरु जी ने प्रातः स्नान किया और जपुजी साहिब का पाठ किया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आसमान पर बादल और काली घटाएं छाई हुई थीं, तेज हवाएं चल रही थीं। जल्लाद आया और तलवार से गुरु जी का सिर धड़ से अलग कर दिया गया।



*रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी पुस्तक "संस्कृति के चार अध्याय" में लिखा कि तब तथाकथित सुविख्यात जहांगीरी न्याय का यह उदाहरण संसार के सामने आया। औरंगजेब के शासन काल में वृहत्तर समाज पर अत्याचारों व जबरन धर्मांतरण की पराकाष्ठा होने लगी। उसने मथुरा, काशी, गुजरात, उड़ीसा, बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश आदि में मंदिरों को तुड़वाना और बहुसंख्यक समाज पर अतिरिक्त कर (जजिया) लगा दिया। उसने अपने अधिकारियों को हुक्म दिया कि बहुसंख्यक समाज के लोगों के माथे से तिलक मिटा दिए जाएं और उनके जनेऊ उतारकर जबरन धर्मांतरण करा दिया जाए।*

गुरु जी के शहीद होते ही हाहाकार मच गया, "यह तो जुल्म है, इतने बड़े संत का क्यों कत्ल कर दिया गया? यह शासन अब ज्यादा चलने वाला नहीं!" प्रकृति ने ऐसा रूप धारण किया कि आंधी-तूफान के कारण मुगल सिपाहियों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था और चारों ओर भगदड़ मच गई। इसी अफरा-तफरी में गुरु जी के एक श्रद्धालु भाई जैता आगे बढ़े, गुरु जी का शीश उठाया, श्रद्धा से अपने वस्त्रों में लपेटा और अपने साथियों भाई नानू और भाई ऊधा के साथ छिपते-छिपाते पांच दिन की यात्रा के बाद कीरतपुर, पंजाब पहुंच गए। उन्होंने गुरु जी का सिर गुरु जी के सुपुत्र गोविंद राय जी के चरणों में रखा। गुरु गोविंद सिंह जी ने उनके इस साहसी कार्य की सराहना करते हुए कहा, "रंगरेटे गुरु के बेटे।" गुरु जी के सिर का बड़े सम्मान के साथ आनंदपुर साहिब में संस्कार किया गया जहां आज भव्य गुरुद्वारा स्थापित है।

उधर दिल्ली में गुरु जी के एक और श्रद्धालु शिष्य लखी शाह बंजारा अपने बेटे नगाहिया के साथ रूई और दूसरे सामान की कई बैलगाड़ियां लेकर चांदनी चौक पहुंचे। उन्होंने भीड़ को चीरते हुए गुरु जी के धड़ को उठाया, उसे रूई में छिपाया और रायसीना स्थित अपने घर ले गए। वहां अरदास करने के बाद उन्होंने पहचान छिपाने के लिए अपने घर को आग लगा दी। इस प्रकार गुरु जी का अंतिम संस्कार हो सका। जहां यह अंतिम संस्कार हुआ, उसी स्थान पर आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। जिस प्रकार चादर हमें सर्दी-गर्मी और संकटों से बचाती है, उसी प्रकार गुरु तेग बहादुर जी ने हिंदू धर्म, तिलक और जनेऊ की रक्षा की। इसलिए उन्हें "हिंद की चादर" कहा जाता है। निस्संदेह, धार्मिक स्वतंत्रता के लिए गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान ने औरंगजेब की नीति के विरुद्ध प्रतिरोध को मजबूत किया और सिख समाज को शक्ति, चेतना एवं नेतृत्व प्रदान किया।

सन 1666 में जन्मे गुरु गोविंद सिंह जी ने जब 1675 में अपने पिता का बलिदान सुना, तब उन्होंने अनुभव किया कि अब समय आ गया है जब मानवता की रक्षा के लिए समाज को नई दिशा दी जाए। इसी संकल्प के साथ 1699 में उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की, जिससे समाज में आत्मसम्मान, वीरता और धर्म की रक्षा की अदम्य भावना जागृत हुई। कालांतर में 1783 में तीस हजार सिख सैनिकों की फौज तीस हजारी (जो इसी घटना के कारण नाम पड़ा) से रवाना हुई और सरदार बघेल सिंह तथा सरदार जस्सा सिंह आहुलवालिया के नेतृत्व में मुगल सेना को हराकर लाल किले पर केसरिया खालसा ध्वज फहरा दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### नॉलेज कॉर्नर: कैसे चुनें अपनी सेहत के लिए सही स्पीड

# सर्दियों में वॉकिंग स्लो या तेज, कौन सी है बेहतर?

हेल्दी रहने के लिए रोजाना किसी न किसी शारीरिक गतिविधि की जरूरत होती है। आज की व्यस्त दिनचर्या में लोग नियमित एक्सरसाइज नहीं कर पाते, लेकिन कई लोग मॉर्निंग वॉक से अपनी फिटनेस की शुरुआत करते हैं। कुछ लोग मौसम जैसा भी हो, अपनी यह आदत नहीं छोड़ते। हालांकि सर्दियों में सुबह वॉक करते समय सावधानी जरूरी है, क्योंकि ठंडी हवा, नमी और स्मॉग फेफड़ों व दिल के लिए हानिकारक हो सकते हैं। खासतौर पर अस्थमा, बीपी और हार्ट के मरीजों को दिक्कत हो सकती है। वॉकिंग सभी के लिए आसान और प्रभावी एक्सरसाइज है, लेकिन अक्सर सवाल आता है कि स्लो वॉक ज्यादा फायदेमंद है या तेज? दरअसल, यह आपकी फिटनेस, उम्र और लक्ष्य पर निर्भर करता है।

### स्लो वॉक के फायदे

स्लो वॉक उन लोगों के लिए खासतौर पर बेहतर मानी जाती है जो एक्सरसाइज की शुरुआत कर रहे हैं, बुजुर्ग हैं या जिन्हें जोड़ों में दर्द की समस्या रहती है। यह शरीर पर कम दबाव डालती है और धीरे-धीरे शरीर को सक्रिय करती है। जो लोग लंबे समय बाद एक्सरसाइज शुरू कर रहे हैं या पहली बार फिटनेस रूटीन अपना रहे हैं, उनके लिए स्लो वॉक सबसे आसान और सुरक्षित तरीका है। इसमें चोट या मसल्स पेन होने की संभावना कम होती है। धीमी गति से टहलना दिमाग को शांत करता है और इसे माइंडफुलनेस वॉकिंग भी कहा जाता है। यह तनाव, चिंता और नेगेटिव विचारों को कम करने में मदद करता है। यह डायबिटीज वालों के लिए भी लाभदायक है। धीमी चाल से नियमित वॉक करने से शरीर धीरे-धीरे मजबूत होता है और बाद में तेज वॉक या दूसरी एक्सरसाइज के लिए तैयार हो जाता है।



### कौन सा वॉक आपके लिए सही?

- स्लो और तेज वॉक दोनों के फायदे हैं। कौन सा बेहतर है यह आपकी उम्र, स्वास्थ्य स्थिति और फिटनेस लक्ष्य पर निर्भर करता है।
- यदि आपका लक्ष्य वजन कम करना, हार्ट हेल्थ सुधारना या फिटनेस बढ़ाना है, तो तेज वॉक अधिक फायदेमंद है।
- अगर आप उम्रदराज हैं, जोड़ों में दर्द है, सर्जरी के बाद रिकवरी में हैं या सिर्फ एक्टिव रहना चाहते हैं, तो स्लो वॉक बेहतर विकल्प है।

### तेज वॉक के फायदे

तेज या ब्रिस्क वॉक वह होती है जिसमें चलते समय आपकी हार्टबीट और सांसों की रफ्तार बढ़ जाती है, लेकिन आप लगातार बात कर पाते हैं। यह एक प्रभावी कार्डियो एक्सरसाइज है। तेज चलने से स्लो वॉक की तुलना में लगभग दोगुनी कैलोरी बर्न होती है। वजन कम करने और फैट लॉस के लिए यह बेहद प्रभावी विकल्प है। ब्रिस्क वॉक दिल की मांसपेशियों को मजबूत करती है, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती है और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखती है। इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अन्य हृदय रोगों का खतरा घट जाता है। तेज वॉक करने से हड्डियों की डेंसिटी बढ़ती है और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम हो जाता है। रोजाना तेज वॉक करने से स्टैमिना बढ़ता है, शरीर की सहनशक्ति विकसित होती है और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है।

**सबसे जरूरी है नियमितता**

*आप स्लो वॉक करें या तेज सबसे जरूरी बात है नियमितता। शरीर को सक्रिय रखना ही सेहत की असली कुंजी है। इसलिए अपना लक्ष्य तय करें, अपनी क्षमता के अनुसार शुरुआत करें और धीरे-धीरे अपनी फिटनेस को बेहतर बनाएं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

**व्यंग्य**

# हम और हमारा आत्म धोखा



सुभाष बुड़ावन वाला
व्यंग्यकार

हम बड़े ही विचित्र जीव हैं। हमारे भीतर एक अद्भुत मशीन लगी है, स्वयं को धोखा देने वाली मशीन। यह बिना बैटरी चलती रहती है और कभी बंद नहीं होती। सुबह उठते ही उसका बटन दब जाता है, "मैं तो कुछ नहीं चाहता, सब बच्चों के लिए ही कर रहा हूं, मेरे लिए तो रत्तीभर भी नहीं।" लेकिन अगर सच में अपने लिए कुछ नहीं चाहिए, तो काले धन के लिए इतनी जद्दोजहद क्यों? इतना झूठ बोलने की इतनी प्रैक्टिस क्यों? पत्नी के झूठ पर शक और अपने झूठ पर गर्व क्यों? हमारा मन एक अनुभवी वकील है, हर बुरे काम का तर्क तैयार, हर बेईमानी का बहाना मौजूद। एक छोटा झूठ बोलते हैं और मन कहता है, "अरे, इससे क्या फर्क पड़ेगा?" मानो कि झूठ बिजली की तरह नहीं, शॉर्ट-सर्किट की तरह होता है।

घर तो बाद में जलेगा, पहले आत्मा की वायरिंग पिघलेगी। हम सोच लेते हैं, एक झूठ क्या बिगाड़ देगा? पर झूठ खरगोश की तरह है, एक को पकड़ो तो दस और दौड़ते मिलेंगे। सच बेचारा तो बांझ है, एक बार कहा और बात खत्म। पर झूठ की नस्ल फिसलनदार, आज कुछ, कल कुछ, परसों याद भी नहीं रहेगा कि क्या कहा था। और फिर आदमी अपनी ही सालगिरह और बच्चों के जन्मदिन में गलती कर देता है। इसके बाद बड़ी मासूमियत से बोलते हैं, "हम तो बहुत ईमानदार हैं, बस परिस्थिति मजबूर करती है।" परिस्थिति भी शायद जमीन पर गिरकर कहती होगी, "मुझ पर ऐसा अपमान आज तक किसी ने नहीं किया।" चोरी चाहे छोटी हो या बड़ी, दोनों के पास एक ही बहाना होता है, "इतना सा ले लिया तो क्या फर्क पड़ता है।" लेकिन दुनिया की सबसे सच्ची पंक्ति यही है, "इसी इतना सा में पूरा चरित्र बिक जाता है।" चोरी, चोरी है, चाहे मंदिर का प्रसाद उठाओ या मंदिर ही उठा लो। हम सोचते हैं, आज थोड़ा गलत कर लिया, कल दान कर देंगे। जैसे पाप गंदगी है और पुण्य वाशिंग पाउडर। आज किसी को गाली दी, कल पैर छू आए, और मन समझ लेता है कि हिसाब बराबर। हमारा मन एक धोखेबाज नेता है, सलाह देता है- "थोड़ा झूठ बोल दो, थोड़ी बेईमानी कर लो, थोड़ा फायदा उठा लो बाद में तीर्थ कर आना।" जैसे बेईमानी कोई दाग नहीं, नहा कर उतर जाए। फर्क तब दिखता है जब रात को नींद नहीं आती और भीतर से आवाज आती है, "आज किसे मूर्ख बनाया था?" हम तो बच्चों के नाम पर भी लालच चमकाते हैं, "हम तो ये सब बच्चों के लिए कर रहे हैं।" बेचारे बच्चे मन ही मन कहते होंगे, "पापा जी, अगर ये सब हमारे लिए है तो मत कीजिए, हम खुद बड़ा होकर अपनी फीस भर लेंगे।" हमारी असली समस्या यह है कि हम चाह के भूखे हैं।

आदमी आज झूठ बोलते हुए भी स्मार्ट दिखना चाहता है और बेईमानी करते हुए भी आधुनिक। लेकिन सवाल अब भी वही है, हम किसे धोखा दे रहे हैं? दुनिया को, समाज को या पड़ोसी को... नहीं। हम खुद को, अपनी आत्मा को। बाहर चमक है, अंदर धुआं। झूठ की हर ईंट चरित्र की दीवार गिराती है। महल दिखता है पर नींव रेत बन चुकी होती है। आखिर में जीवन मुस्कुराकर कहता है, "सब जोड़ा, सब कमाया पर जाते समय हाथ खाली ही रहे।" और आत्मा इतनी खोखली है कि हवा का झोंका भी गिरा दे। इसलिए इस पूरी त्रासदी पर हंसना भी चाहिए और रोना भी। व्यंग्य यही कहता है, सुख वही है जिसमें किसी और का रोना न छिपा हो। बाकी सब लेन-देन है। और अगर अब भी लगता है, "इतना सा झूठ इतनी सी बेईमानी" तो याद रखना, इसी इतना सा से एक दिन पहाड़ खड़ा हो जाएगा और तुम उसी के नीचे दबे पूछोगे, "आखिर मैंने अपने ही साथ ऐसा मजाक क्यों किया?"


X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@BhajanlalBjp
#WorldBoxingCup2025 में हमारे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल और अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण पदक सहित कुल 20 पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया है। आप सभी की इस उपलब्धि ने तिरंगे की शान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह गौरवपूर्ण सफलता हमारे मुक्केबाजों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और अटूट धैर्य का परिणाम है। मैं सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देता हूं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री राजस्थान
@KumariDiya
ब्लाइंड महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 जीतकर विश्व विजेता बनने पर भारतीय टीम की सभी बेटियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आपके अद्भुत परिश्रम, जज्बे और अटूट आत्मविश्वास ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। हम सभी आपकी इस ऐतिहासिक सफलता पर अत्यंत गौरवान्वित हैं।



**सतीश पूनियां,** पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा
@DrSatishPoonia
Dafeteria : दिव्यांगों (Deaf) को स्वाभिमान के साथ खड़ा होने का जीवंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी की अभिनव पहल स्टार्टअप इंडिया के तहत रोहतक में दिव्यांगजन Dafeteria संचालित कर रहे है, उनका यह प्रयास समाज में एक सकारात्मक संदेश देने के साथ हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

पीएम मोदी से कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी की मुलाकात, घुली रिश्तों में मिठास... अगले साल आएंगे दिल्ली

# भारत-कनाडा ट्रेड डील पर फिर शुरू करेंगे बातचीत, बनी सहमति

एजेंसी | जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले साल भारत की यात्रा करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्नी को भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में यह भी कहा गया कि दोनों नेताओं ने वार्ता के दौरान व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने के अलावा रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्रों में गहन सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने वस्तुओं, सेवाओं, निवेश, कृषि, डिजिटल व्यापार और सतत विकास को शामिल करते हुए एक महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने पर सहमति व्यक्त की। वर्ष 2023 में कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने के आरोपों के बाद भारत-कनाडा संबंध बेहद खराब हो गए थे। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताकर खारिज कर दिया था। दोनों पक्षों ने हाल के महीनों में अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

### भारत कनाडा के रिश्तों की अहम कड़ी

- कनाडा में करीब 29 लाख भारतीय प्रवासी
- 4,27,000 से अधिक भारतीय छात्र

### कनाडा को भारत का निर्यात

- 2024-25 में 4.22 अरब डॉलर का निर्यात
- 2023-24 में करीब 3.84 अरब डॉलर का निर्यात
- निर्यात में करीब 9 प्रतिशत की हुई वृद्धि
- आयात 2.33 प्रतिशत घटकर 4.44 अरब डॉलर। 2023-24 में यह 4.55 अरब डॉलर था।



### 2030 तक व्यापार 50 अरब डॉलर बढ़ाने का लक्ष्य

इस बीच,वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को नई दिल्ली में कहा कि भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौते) के लिए बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। इसका मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। ज्ञात रहे कि कनाडा ने 2023 में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी थी। गोयल ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि एफटीए या व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते में कई रणनीतिक पहलू होते हैं और यह दोनों देशों के बीच विश्वास को दर्शाता है। इस समझौते से दोनों पक्षों के निवेशकों और कारोबारियों का विश्वास बढ़ेगा। हम उच्च-महत्वाकांक्षी सीईपीए पर वार्ता शुरू करने और 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं और एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। हम कनाडा से बहुत कुछ सीख सकते हैं और कनाडा को बहुत कुछ दे सकते हैं। महत्वपूर्ण खनिजों और महत्वपूर्ण खनिजों की प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में अपार संभावनाएं हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में, खासकर यूरेनियम आपूर्ति के क्षेत्र में कनाडा के साथ हमारे सहयोग को लेकर अच्छी संभावनाएं हैं। हम दोनों ओर अपनी आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता ला सकते हैं।

### कांग्रेस नेता अहमद पटेल की पुण्यतिथि आज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सलाहकार रहे अहमद पटेल को 25 नवंबर को उनकी पुण्यतिथि पर पार्टीजनों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। पटेल का 25 नवंबर 2020 को निधन हो गया था। पटेल अपने समय में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे और पार्टी की नीतियां के निर्धारण में भी उनकी अहम भूमिका रहती थी। पटेल तीन बार लोकसभा सांसद और पांच बार राज्यसभा सांसद रहे।

### संजय कपूर एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार संजय कपूर को निर्विरोध एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। हार्डन्यूज के संपादक संजय कपूर वरिष्ठ पत्रकार अनंत नाथ का स्थान लेंगे। द हिंदू बिजनेस लाइन के पूर्व संपादक राघवन श्रीनिवासन और थंबप्रिंट एनई की प्रधान संपादक टेरेसा रहमान को एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की 22 नवंबर को हुई वार्षिक आम बैठक में क्रमशः गिल्ड का निर्विरोध महासचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया है।

### पेशावर: आत्मघाती हमले में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को एक अर्द्धसैनिक बल के मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के मुताबिक 'फ्रंटियर कांस्टेबुलरी' मुख्यालय पर सुबह-सुबह हुए हमले में तीन आतंकवादी भी मारे गए। एक हमलावर ने द्वार पर विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया।

INS माहे नौसेना में शामिल... सैन्य आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और मुकाम

# दुश्मन की पनडुब्बियों का करेगा विनाश... समुद्र पर होगा राज

एजेंसी | मुंबई

भारतीय नौसेना के बेड़े में सोमवार को उथले जल में संचालित होने वाला पहला स्वदेशी पनडुब्बी रोधी जहाज आईएनएस माहे शामिल हो गया है। इस जहाज के सेवा में शामिल होने से नौसेना की युद्ध क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है। INS माहे को खास तौर पर दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढकर मारने के लिए बनाया गया है।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी आईएनएस माहे के जलावतरण के अवसर पर मुख्य अतिथि थे। यह जलपोत उथले जल के स्वदेशी लड़ाकू जहाजों की नई पीढ़ी का प्रतीक है। कुल 8 ऐसे जहाज बन रहे हैं, आईएनएस माहे इनमें पहला है। एक अधिकारी ने बताया कि यह पहली बार था कि नौसेना के किसी जहाज के जलावतरण के अवसर पर सेना प्रमुख मौजूद थे। समारोह के बाद जनरल द्विवेदी ने जहाज को नौसेना में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नौसेना कर्मियों को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।



*INS माहे के जलावतरण समारोह के दौरान सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वेस्टर्न नेवल कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और अन्य सैन्य अधिकारी।*

### तालमेल में निहित है सशस्त्र बलों की ताकत: जनरल द्विवेदी



सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आईएनएस माहे के जलावतरण के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सशस्त्र बलों की ताकत तालमेल में निहित है और ऑपरेशन सिंदूर इसका उपयुक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समुद्र, भूमि और आकाश राष्ट्रीय सुरक्षा की एक सतत शृंखला बनाते हैं और थल सेना, नौसेना और वायु सेना मिलकर भारत की सामरिक शक्ति की त्रिमूर्ति हैं। भारतीय सशस्त्र बल लद्दाख से लेकर हिंद महासागर तक सूचना युद्ध से लेकर संयुक्त रसद तक हर क्षेत्र में सक्रिय हैं।

### क्यों है आईएनएस माहे अहम

- तटीय रक्षा की पहली पंक्ति का निर्माण करेगा
- भारत के समुद्री परिचालन क्षेत्रों पर निरंतर निगरानी बनाए रखेगा
- आईएनएस माहे को डिजायन और इसका निर्माण कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने किया
- माहे श्रेणी के युद्धपोत के निर्माण में देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बना यह पोत
- टॉरपीडो और पनडुब्बी-रोधी रॉकेटों से है लैस माहे
- माहे के निर्माण में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल
- समुद्री मार्गों की करेगा सुरक्षा
- माहे श्रेणी के सात और जहाजों का होगा निर्माण

### आधुनिक संघर्ष बहु-क्षेत्रीय व 'हाइब्रिड' होंगे

जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना ने परिवर्तन के व्यापक ढांचे के तहत कई पहल शुरू की हैं, जिनमें संयुक्तता और एकीकरण महत्त्वपूर्ण स्तंभ हैं। सेना ने यह माना है कि आधुनिक संघर्ष बहु-क्षेत्रीय, 'हाइब्रिड' होंगे और इसके लिए राष्ट्रीय शक्ति की एकजुटता आवश्यक होगी।

### माहे शहर के नाम पर नामकरण

इस पोत का नामकरण मालाबार तट स्थित ऐतिहासिक तटीय शहर माहे के नाम पर किया गया है। युद्धपोत के प्रतीक चिह्न में 'उरुमी' को दर्शाया गया है जो कलारीपयट्टू की लचीली तलवार है और यह फुर्ती, सटीकता और घातक कौशल का प्रतीक मानी जाती है।

### छोटा जहाज, बड़ी ताकत

- लंबाई: सिर्फ 77 मीटर (बड़े युद्धपोतों से आधा)
- वजन: 900 टन
- स्पीड: 25 नॉट (लगभग 46 किमी/घंटा)

कर्नाटक में नेतृत्व पर खींचतान जारी

# शिवकुमार के समर्थक और MLA दिल्ली पहुंचे

### आलाकमान के फैसले का पालन होगा: मुख्यमंत्री सिद्धारमैया

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक में मुख्यमंत्री परिवर्तन के मुद्दे पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर जारी ''सत्ता संघर्ष'' के बीच उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार का समर्थन करने वाले विधायकों का एक और समूह पार्टी आलाकमान से मिलने के लिए दिल्ली पहुंचा है। वहीं, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा कि अगर पार्टी आलाकमान फैसला करता है तो वह शीर्ष पद पर बने रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, कम से कम छह विधायक रविवार रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे हैं। सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर जल्द ही कुछ और विधायकों के दिल्ली जाने की संभावना है। इस बीच, सिद्धारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। अगर वे तय करते हैं कि मुझे मुख्यमंत्री पद पर बने रहना चाहिए, तो मैं पद पर बना रहूंगा। आखिरकार, आलाकमान जो भी फैसला करेगा, मैं उसे स्वीकार करूंगा। शिवकुमार को भी उसे स्वीकार करना चाहिए।



### सिद्धारमैया का बयान मेरे लिए 'वेद वाक्य': शिवकुमार

इस बीच, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का बयान उनके लिए 'वेद वाक्य' के समान है। शिवकुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में सिद्धारमैया के बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। इस बीच, सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ मंत्री के जे जॉर्ज ने शिवकुमार के साथ हाल ही में हुई बैठक को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उस समय केवल सरकारी विषयों और आगामी बेंगलुरु निगम चुनाव पर चर्चा की गई थी। एक सवाल के जवाब में जॉर्ज ने कहा कि "पार्टी में कोई बगावत नहीं है जिसे शांत किया जा सके। हम सब एक कांग्रेस परिवार हैं।"

देवनानी की उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन व आडवाणी से शिष्टाचार भेंट

# सदन के सुचारू संचालन पर हुई गंभीर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने के पश्चात देवनानी की उनसे यह पहली मुलाकात थी। देवनानी ने उपराष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ और पंच परिवर्तन राष्ट्रोत्थान की संघ दृष्टि पुस्तक भेंट की। उपराष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात में सदनों के सुचारू संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई। सदन सुचारू व मर्यादित ढंग से चले, सदन में अच्छी और सारगर्भित बहस हो तथा विधायी कार्य निर्बाध ढंग से संचालित हों, आदि विषयों पर देवनानी और राधाकृष्णन ने अपने अनुभव साझा किए। देवनानी ने उपराष्ट्रपति को राजस्थान की यात्रा के लिए भी आमंत्रित किया।





*राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी नई दिल्ली में (बाएं से) उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन व पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से भेंट करते हुए।*

### आडवाणी से लिया आशीर्वाद

देवनानी ने सोमवार को ही देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से भी शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। देवनानी ने आडवाणी को पुष्प गुच्छ भेंट किया और उनकी पुत्री प्रतिभा आडवाणी और परिवारजनों से भी भेंट कर आडवाणी के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

गृहमंत्री शाह ने गुरु तेग बहादुर को किया नमन, कहा-

# गुरु का बलिदान सदा प्रेरणा देगा

बेधड़क | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर लाल किले में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके बलिदान को नमन कर मत्था टेका। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर के त्याग, साहस और बलिदान की गाथाएं अनंत काल तक हमें प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने अन्याय और अधर्म का जिस साहस और शौर्य के साथ सामना किया, वह हर भारतीय के लिए प्रेरणा का केंद्र है। धर्म की रक्षा के लिए वे अपने प्राणों को आहूति देने से भी पीछे नहीं हटे। उनका जीवन भारत की आध्यात्मिक चेतना, साहस और बलिदान की अमर गाथा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्णय किया है कि पूरा देश कृतज्ञ भाव से गुरु साहिब का 350वां बलिदान दिवस मना कर स्वधर्म और संस्कृति के प्रति उनके समर्पण का स्मरण करेगा।



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में लाल किले में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान गुरु तेग बहादुर को नमन करते हुए।*

कानून के छात्र से देश के शीर्ष न्यायिक पद तक की अनूठी यात्रा

# जस्टिस सूर्यकांत के फैसलों में झलकती है न्याय के लिए प्रतिबद्धता

(पेज 1 से जारी...)

सीजेआई सूर्यकांत ने रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से एलएलबी किया, जहां उन्हें उनकी असाधारण शैक्षिक क्षमताओं और सामाजिक न्याय की मजबूती के लिए जाना गया। तीन दशक लंबे अपने कॅरिअर में वे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर और भारत के सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न पदों पर रहे। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान जस्टिस सूर्यकांत लगातार इस बात के लिए प्रयासरत रहे कि न्याय केवल किया ही न जाए बल्कि वह अपने अस्तित्व में नजर भी आना चाहिए। आम लोगों को न्याय मिले, इसके लिए उनकी प्रतिबद्धता उनके पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यकाल के समय किए गए फैसलों में नजर आती है, जहां उन्होंने तत्परता से एक हजार से भी ज्यादा मामलों को संवेदनशीलता के साथ संभाला जिनमें कई हाई प्रोफाइल मामले शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट में जज बनने से पहले वे हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस भी रहे। हिमाचल प्रदेश में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोगों के बीच सरलता और व्यावहारिकता की छाप छोड़ी। एक बातचीत में हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत ने समाज के वंचित वर्ग के लिए न्याय को सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। समाज के वंचित समुदाय के अधिकारों की पुष्टि से संबंधित एक महत्वपूर्ण मामले में दिए गए फैसले को एक अनुकरणीय उदाहरण के रूप में देखा जाता है। उनके इस फैसले को कानूनी विशेषज्ञों ने खूब सराहा और कहा कि ये फैसला भविष्य में ऐसे मामलों के लिए एक नजीर बनेगा।

जस्टिस सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में विशेष रूप से शामिल होने दिल्ली आए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट रविंदर मलिक ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत युवा वकीलों के रोल मॉडल रहे हैं। कानून व्यवस्था के प्रति उनके समर्पण ने युवा वकीलों को हमेशा प्रभावित किया है।



*नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी व सीजेआई सूर्यकांत एक दूसरे का अभिवादन करते हुए।*

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत कहते हैं कि ग्रामीण परिवेश और सादगीपूर्ण परिवार से आने के बावजूद जस्टिस सूर्यकांत ने साबित किया है कि कठिन परिश्रम का कोई और विकल्प नहीं हो सकता। उनकी उपलब्धियां इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा और सख्त मेहनत के सहारे किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है।

जस्टिस सूर्यकांत का सादा और मिलनसार व्यक्तित्व ही उन्हें उनके अन्य साथियों से अलग बनाता है। इसके अलावा आम आदमी के साथ उनकी गहरी सहानुभूति उन्हें लोगों से जोड़ती है। उनके हमेशा प्रयास रहे कि न्याय सभी के लिए उपलब्ध हो, चाहे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। समाज के वंचित वर्ग को न्याय उपलब्ध कराने के लिए जस्टिस सूर्यकांत विभिन्न संगठनों से जुड़े रहे हैं जिसमें हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण भी शामिल है।

कानून के प्रति जस्टिस सूर्यकांत का जुनून प्रेरणादायक है, और उन्होंने असंख्य युवाओं को ज्यूडिशियरी में कॅरिअर बनाने के लिए प्रेरित किया है। न्याय के उद्देश्य के प्रति उनका समर्पण हम सभी के लिए एक शानदार मिसाल है, और भारत में कानून के विकास में उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।

जब हम जस्टिस सूर्यकांत के जीवन और काम का उत्सव मना रहे हैं, तो हम इस सत्य को पुनः याद करते हैं कि समर्पण, ईमानदारी और करुणा किस प्रकार न्याय की दिशा को आकार दे सकते हैं। वह लोगों के सच्चे हिमायती हैं, और उनकी विरासत हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।

## अयोध्या में इतिहास का स्वर्ण अध्याय

# राम मंदिर के शिखर पर फहरेगा पवित्र भगवा ध्वज, पांच सदियों के संघर्ष का प्रतीक



पंकज सोनी
कार्यकारी संपादक

### श्रीराम जन्मभूमि

विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा अयोध्या स्थित प्राचीन राम मंदिर को ध्वस्त किया गया। यह घटना संघर्ष की ऐतिहासिक शुरुआत मानी जाती है।

### 16वीं–19वीं सदी

स्थानीय स्तर पर मंदिर स्थल को लेकर धार्मिक विवाद, संघर्ष और आवाजाही जारी रही। श्रद्धालुओं का विश्वास स्थल से कभी नहीं टूटा।

### 20वीं सदी

विवाद औपचारिक रूप से न्यायालयों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के दायरे में आने लगा। आंदोलन जनभावना के रूप में आकार लेता गया।

### 1990 के दशक

राम मंदिर आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर उभरा। संघर्ष सामाजिक और राजनीतिक स्वरूप में व्यापक हुआ।

### 2019

न्यायिक निर्णय के बाद मंदिर निर्माण का मार्ग औपचारिक रूप से प्रशस्त हुआ। संघर्ष के निर्णायक अध्याय का समापन माना गया।

भारतीय इतिहास में 25 नवंबर 2025 का दिन आस्था और सांस्कृतिक चेतना के लिए एक अविस्मरणीय क्षण बनने जा रहा है। करीब 500 वर्ष पुराने संघर्ष, समर्पण और प्रतीक्षा के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य अब पूर्ण हो चुका है और ध्वजारोहण समारोह इसी उपलब्धि का औपचारिक उद्घोष होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मंदिर के शिखर पर पवित्र ध्वज फहराएंगे। यह समारोह केवल सार्वजनिक उत्सव नहीं बल्कि भगवान राम के सही स्थान पर विराजमान होने का प्रमाण है।


### पांच सौ साल का सफर: ध्वज तक पहुंची संघर्ष की लौ

1528 में विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा मंदिर के ध्वंस के साथ शुरू हुआ यह संघर्ष भारतीय स्वाभिमान के पुनर्स्थापन का प्रतीक माना जाता है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भारत के गौरव का प्रतीक है और ध्वंसित मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के अपमान का परिमार्जन है। सदियों तक धार्मिक, सामाजिक और न्यायिक लड़ाइयों से गुजरते हुए यह संघर्ष जन-आंदोलन बन गया। करोड़ों लोगों ने राम मंदिर के विचार को सिर्फ धर्म नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक एकता का केंद्र माना। दशकों की प्रतीक्षा के बाद यह आंदोलन 21वीं सदी में निर्णायक मोड़ पर पहुंचा और मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर ने आध्यात्मिक जीवन प्राप्त किया और अब 25 नवंबर 2025 को ध्वजारोहण के साथ मंदिर के पूर्ण निर्माण की ऐतिहासिक घोषणा होने जा रही है।

### ध्वजारोहण का महत्व: रामराज्य का प्रतीकात्मक उदय

राम जन्मभूमि मंदिर पर फहराया जाने वाला ध्वज मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का सशक्त प्रतीक है। ध्वज का केसरिया रंग त्याग और तपस्या का संकेत माना जाता है, ठीक वैसे ही जैसे अग्नि और ऊषा के रंग मनुष्य में ऊर्जा और जागरण का भाव जगाते हैं।

ध्वज का आकार 10 फुट ऊंचा और 20 फुट लंबा है तथा इसकी आकृति समकोण त्रिकोण शैली की है, जो पारंपरिक भारतीय ध्वज-वास्तुकला को दर्शाती है। इसके केंद्र में अंकित सूर्य भगवान राम के सूर्यवंश से जुड़े गौरव का संकेत देता है, जबकि सूर्य चक्र के मध्य स्थित ॐ दिव्यता और सृष्टि के मूल स्वर का प्रतिरूप है। ध्वज पर चित्रित कोविदारा वृक्ष महाराजा दशरथ के राज्य का प्रतीक माना जाता है, जिसका उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। ध्वजारोहण को रामराज्य की वापसी और भारत की एकता का प्रतीक बताया गया है। यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक यात्रा का समापन है, जो मंदिर के पुनर्निर्माण के साथ राष्ट्रीय आत्मसम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान के पुनर्स्थापन को अभिषिक्त करती है।



> ध्वज का आकार 10 फुट ऊंचा और 20 फुट लंबा है तथा इसकी आकृति समकोण त्रिकोण शैली की है, जो पारंपरिक भारतीय ध्वज-वास्तुकला को दर्शाती है। इसके केंद्र में अंकित सूर्य भगवान राम के सूर्यवंश से जुड़े गौरव का संकेत देता है, जबकि सूर्य चक्र के मध्य स्थित ॐ दिव्यता और सृष्टि के मूल स्वर का प्रतिरूप है।

### मंदिर परिसर में स्थापित मूर्तियां

## राम जीवन, संस्कृति और प्रेरणा का जीवंत संग्रह



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में मूर्तियों का विशाल और सूक्ष्म संसार रचा गया है, जिसका उद्देश्य केवल सजावट नहीं, बल्कि रामायण, भारतीय संस्कृति और आदर्शों का जीवंत शिक्षण प्रस्तुत करना है। मुख्य मंदिर के चारों ओर 87 प्रसंग पत्थरों पर उकेरे गए हैं, जो पूरी तरह वाल्मीकि रामायण पर आधारित हैं। इन घटनाओं का चयन इसलिए किया गया है ताकि दर्शनार्थी भगवान राम के जीवन, धर्म, कर्तव्य और मर्यादा को क्रमबद्ध रूप से समझ सकें। इसके साथ ही परकोटे की दीवारों पर भारतीय संस्कृति से जुड़े 79 प्रसंग धातु में अंकित किए गए हैं, जो भारत की सांस्कृतिक जड़ों, परंपराओं और आध्यात्मिक आदर्शों का परिचय कराते हैं।

मंदिर परिसर में रामलला और राम परिवार की मूर्तियों के अतिरिक्त लगभग एक हजार मूर्तियां स्थापित की गई हैं, जबकि स्तंभों और छतों पर करीब 3,000 मूर्तियां उकेरी गई हैं। इन मूर्तियों में जटायु और गिलहरी जैसे पात्र भी शामिल हैं, जिनका जीवन निःस्वार्थ समर्पण और सेवा का प्रतीक माना गया है। पूरे परिसर में करीब 7,000 डिजाइन हाथ से बनाए गए हैं, जो रामायण और अन्य सांस्कृतिक कथाओं को दर्शाते हैं। इन मूर्तियों का लक्ष्य यह है कि मंदिर केवल दर्शन का स्थल न रहकर ज्ञान, आदर्श और प्रेरणा का जीवन्त केंद्र बन सके- जहां हर दृश्य एक सीख बने और हर मूर्ति एक मूल्य का संदेश दे।

मंदिर परिसर में सुरक्षा, सुविधा और पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है- जल शोधन संयंत्र, वर्षा जल संरक्षण, दिव्यांगजन अनुकूल मार्ग, छतरियों वाले प्रवेश मार्ग और प्रसाद व सुविधाओं का निःशुल्क प्रबंध। सबसे विशेष तथ्य- यह निर्माण सम्पूर्ण भारत की सहभागिता से संभव हुआ है। करोड़ों श्रद्धालुओं के दान और समर्पण ने इसे युग-परिवर्तनकारी आंदोलन का रूप दिया।

25 नवंबर को ध्वज फहराना केवल मंदिर निर्माण की पूर्णता नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और अखंड चेतना का उद्घोष है। यह वह क्षण है जब अयोध्या केवल एक शहर नहीं, बल्कि आस्था के पटल पर विश्व का केंद्र बनकर खड़ी है।

यह अध्याय केवल इतिहास में नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के हृदय में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा।

राम लला अपने भव्य मंदिर में, और रामराज्य का ध्वज शिखर पर।



### विवाह पंचमी और ध्वजारोहण -आध्यात्मिक संगम का पावन क्षण

25 नवंबर 2025 का ध्वजारोहण मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी अर्थात विवाह पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित हो रहा है। मार्गशीर्ष माह को भारतीय दर्शन और अध्यात्म में अत्यंत पवित्र माना गया है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं, मासानां मार्गशीर्षोस्मि, अर्थात महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूं। विवाह पंचमी को माता सीता और प्रभु श्रीराम के दिव्य मिलन का काल माना गया है। तुलसीदास ने इस तिथि को समस्त मंगलों का मूल कहा है, जो इसे अत्यंत शुभ और कल्याणकारी बनाता है।

अयोध्या और मिथिला के सांस्कृतिक संबंधों को भी यह तिथि सेतु की तरह जोड़ती है। स्थानीय परंपराओं में वर्षभर पंचमी तिथियों पर विवाहोत्सव मनाया जाता है और अयोध्या में तो एक मंदिर का नाम ही 'बिअहुती भवन' है। ध्वजारोहण को इस दिव्य तिथि पर आयोजित करना श्रीराम और माता सीता के प्रकाश और कृपा के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है- मानो रामराज्य की कल्पना नवयुग में प्रवेश कर रही हो।

### राम मंदिर की विशेषताएं

## वास्तुकला, संस्कृति और भारत की सामूहिक आस्था का अद्भुत संगम

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भारत के गौरव और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। ईस्वी 1528 में ध्वस्त किए गए मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के अपमान का परिमार्जन बताया गया है। मंदिर की वास्तु संरचना अद्वितीय है। यह उत्तर भारतीय नागर शैली में निर्मित है, जबकि इसके चारों ओर बना 800 मीटर लंबा परकोटा दक्षिण भारतीय वास्तुकला का हिस्सा है, जो भारत की एकता और बहु-शैलीय परंपरा को दर्शाता है। निर्माण सामग्री और कारीगरी में भी भारत की व्यापक भागीदारी दिखती है- तेलंगाना और कर्नाटक का ग्रेनाइट, भरतपुर का बलुआ पत्थर, मकराना का सफेद संगमरमर, उड़ीसा के मूर्तिकार, राजस्थान के शिल्पकार- सभी ने मिलकर इसे राष्ट्रव्यापी प्रयास बनाया।

## खेल हलचल

### सायना ने बताई भारतीय खिलाड़ियों की कमजोरी



**बेधड़क, नई दिल्ली।** ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट सायना नेहवाल ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की मांगों को पूरा करने के लिए अपनी शारीरिक फिटनेस और मजबूती पर ज्यादा काम करने की जरूरत है, क्योंकि बार-बार होने वाली चोटें उनकी निरंतरता और खिताब जीतने की क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने मौजूदा पीढ़ी को पहले की तुलना में "थोड़ा सॉफ्ट" बताया और कहा कि महिलाओं की एकल श्रेणी में आक्रामकता की कमी दिखती है। सायना ने लक्ष्य सेन की हालिया ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत को सकारात्मक संकेत बताया, लेकिन कहा कि शीर्ष स्तर पर लगातार परिणाम देने के लिए खिलाड़ियों को मजबूत ट्रेनिंग, बेहतर फिजियो सपोर्ट और चोटों से बचाव पर अधिक ध्यान देना होगा।

### अंडर-19: दूसरे दिन गुजरात को बढ़त

**नडियाद।** गुजरात में खेले जा रहे राजस्थान बनाम गुजरात अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन गुजरात ने बढ़त बना ली। राजस्थान पहली पारी में 245 रन पर ऑल आउट हुई। इसके जवाब में गुजरात ने पूरव के 76, रुद्रा के 70 और मानस के 53 रनों की मदद से 308 रन बनाकर पहली पारी में बढ़त हासिल की। राजस्थान की ओर से जतिन ने 3/88, नावेद ने 3/91 और हनी प्रताप सिंह ने 2/48 विकेट लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान दूसरी पारी में 7/1 पर खेल रहा था।

### आहान और आरव ने रचा इतिहास

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ताइक्वांडो के क्षेत्र में जयपुर के दो बाल खिलाड़ियों- 15 वर्षीय आरव कर्णावट और 11 वर्षीय आहान कर्णावट- ने नया इतिहास रचते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराया है। यह उपलब्धि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त खिलाड़ी महेंद्र सिंह कर्णावट के मार्गदर्शन और प्रेरणा से हासिल की।

### न्यूजीलैंड ने घोषित की टेस्ट टीम

**एजेंसी, दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला के लिए अपनी टीम घोषित की, जिसमें केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, ब्लेयर टिकनर और युवा जैक फॉल्क्स की वापसी हुई है। 14 सदस्यीय दल में टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी, डैरिल मिशेल, रचिन रविंद्रा, मिचेल सैंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, केन विलियमसन और विल यंग शामिल हैं। विल ओ' रूर्के और बेन सियर्स चोट के कारण बाहर हैं, जबकि काइल जैमीसन पहले टेस्ट नहीं खेल पाएंगे।

## भारत 201 पर ढेर, दक्षिण अफ्रीका ने बढ़त 300 पार पहुंचाई

# मार्को जैन्सन की घातक स्पेल से भारत की उम्मीदें चकनाचूर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के 489 रन के विशाल स्कोर का जवाब देते हुए भारत तीसरे दिन वापसी का लक्ष्य लेकर उतरा था, लेकिन मार्को जैन्सन की कहरभरी गेंदबाजी और भारतीय बल्लेबाजों की शॉट चयन की गलतियों ने पूरी पारी को तहस-नहस कर दिया। शॉर्ट पिच गेंदों की तेज उछाल और आक्रामक योजना ने शीर्ष से लेकर मध्यक्रम तक हर बल्लेबाज को जकड़ लिया और टीम महज 201 रन पर सिमट गई।

जैन्सन ने दूसरे दिन की अपनी 93 रन की विस्फोटक पारी के बाद गेंद से भी विनाश मचाते हुए छह विकेट चटकाए, जिससे भारत की सीरीज बराबरी की उम्मीदें लगभग खत्म होती नजर आ रही हैं।

जैन्सन का यह स्पेल मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। दोपहर के आसपास उनके आठ ओवरों में भारत ने अपने चार अहम विकेट गंवा दिए। ध्रुव जुरेल का अनावश्यक मिड-ऑन शॉट, नितीश कुमार रेड्डी और रवींद्र जडेजा की हवा में फेंडिंग, और रिषभ पंत का स्लॉग इन सभी ने भारतीय बल्लेबाजी की लापरवाही को उजागर किया।

इससे पहले स्पिनरों साइमन हार्मर और केशव महाराज ने शुरुआती झटके देकर भारतीय शीर्ष क्रम को अस्थिर किया। केएल राहुल की सतर्क पारी एक उछाल लेती गेंद पर स्लिप में खत्म हुई, जबकि यशस्वी जायसवाल ने पचास के बाद आक्रामक अंदाज बरकरार रखते हुए स्पिनरों पर हमला किया, लेकिन हार्मर की एक उठती गेंद ने उनका भी अंत कर दिया।



गुवाहाटी के ACA स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन साउथ अफ्रीका के मार्को जैन्सन भारत के कप्तान ऋषभ पंत का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए।

### भारतीय गलती खेल का बड़ा कारण, न सिर्फ जैन्सन का जादू

टॉप और मिडिल ऑर्डर की लापरवाही के बीच कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर ने आठवें विकेट के लिए 35 ओवर की जुझारू साझेदारी निभाकर संघर्ष जरूर दिखाया। खासकर कुलदीप ने 134 गेंदों पर 19 रन बनाकर धैर्य की मिसाल पेश की, लेकिन आखिरी बल्लेबाज भी टीम को मुश्किल से बाहर नहीं निकाल सके। दक्षिण अफ्रीका ने 288 रन की बढ़त लेकर फॉलो-ऑन नहीं दिया और दिन का खेल खत्म होने तक मार्करम-रिकेल्टन की जोड़ी 26 रन और जोड़ चुकी थी। भारत अब केवल इस मैच ही नहीं, बल्कि पूरी सीरीज की दिशा बचाने की चुनौती से भी जूझ रहा है।

### रवि शास्त्री ने टीम इंडिया की बल्लेबाजी पर नाराजगी जताई



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के 142/7 पर सिमटने के बाद पूर्व कोच रवि शास्त्री ने बल्लेबाजों के प्रदर्शन को "बहुत साधारण" बताते हुए तीखी आलोचना की। शास्त्री ने कहा कि यह पिच ऐसी नहीं थी जिस पर टीम इतनी जल्दी ढह जाए और खिलाड़ियों को अपनी गलतियों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उनकी प्रतिक्रिया तब आई जब शॉन पोलॉक ने कई विकेटों को "सॉफ्ट डिस्मिसल" बताया। केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, ऋषभ पंत, नितीश रेड्डी और रवींद्र जडेजा जैसे बल्लेबाज गलत शॉट चयन और अनावश्यक गलतियों के कारण आउट हुए, जिससे शास्त्री की आलोचना को और बल मिला।

## प्रधानमंत्री ने टीम को दी बधाई, भारत 11 देशों के टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहा

# भारत ने महिला कबड्डी विश्व कप जीता

**बेधड़क।** ढाका

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सोमवार को चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर लगातार दूसरा विश्व कप खिताब जीत लिया। भारत 11 देशों के टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, ''भारतीय महिला कबड्डी टीम ने कबड्डी विश्व कप 2025 जीतकर देश को गौरवान्वित करने के लिये बधाई। उन्होंने जबर्दस्त कौशल, प्रतिबद्धता और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। उनकी जीत से अनगिनत युवाओं को कबड्डी खेलने, बड़े सपने देखने और ऊंचे लक्ष्य तय करने की प्रेरणा मिलेगी।'' भारत ने सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराया था। दूसरी ओर चीनी ताइपे ने बांग्लादेश को 25-18 से मात दी थी। गृहमंत्री अमित शाह ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, ''हमारी महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचा, जो गर्व का पल है। पूरी टीम को महिला कबड्डी विश्व कप जीतने पर बधाई। आपकी शानदार जीत ने फिर साबित कर दिया कि भारत की खेल प्रतिभाएं शिखर पर क्यों हैं। भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'' लीग चरण में भारत ने थाईलैंड, बांग्लादेश, जर्मनी और युगांडा को मात दी थी। मार्च में एशियाई चैम्पियनशिप जीतने के बाद भारत का यह दूसरा बड़ा खिताब है।



### प्रांजलि धूमल का कमाल: 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

टोक्यो में जारी डेफलिंपिक्स 2025 में भारत की प्रांजलि प्रशांत धूमल ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में उन्होंने 34 अंकों के साथ यूक्रेन की हालाइना मोसीना (32 अंक) को पीछे छोड़ा, जबकि दक्षिण कोरिया की जिवोन जिओन ने 30 अंक के साथ कांस्य जीता। जिओन ने शूट-ऑफ में भारत की अनुया प्रसाद को हराया, जो चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई और पहले ने राउंड तक मोसीना के साथ कड़ा मुकाबला चला, लेकिन अंतिम सीरीज में चार सटीक शॉट्स ने उन्हें स्वर्ण दिलाया। इससे पहले भी प्रांजलि 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में अभिनव देशवाल के साथ स्वर्ण जीत चुकी हैं। क्वालिफिकेशन में उन्होंने 573-14x का स्कोर बनाकर अपना ही विश्व बधिर रिकॉर्ड तोड़ा।





## जरूरी खबर

### निवेशकों को सोने के खनन में कर छूट की पेशकश

**एजेंसी/नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने भारतीय कंपनियों को सोने के खनन सहित नए क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि ऐसे निवेशकों को पांच साल की कर छूट दी जाएगी। एसोचैम के कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि मशीनरी आयात पर केवल एक प्रतिशत शुल्क लगेगा और सरकार भूमि आवंटन व अन्य सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सोने के खनन के लिए भारतीय तकनीकी दलों की आवश्यकता है और प्रसंस्करण अफगानिस्तान में ही होना चाहिए, ताकि रोजगार बढ़े।

### नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति की बोली जीती

**एजेंसी/नई दिल्ली।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स ने रेलवे की सहायक इकाई आईआरईएल की 24 घंटे नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी निविदा में 130 मेगावाट क्षमता के लिए सफल बोली लगाई है। कंपनी ने 4.35 रुपए प्रति यूनिट की दर पर यह बोली जीती। आईआरईएल की 1,000 मेगावाट की परियोजना के तहत भारतीय रेलवे सीधे सफल बोलीदाताओं के साथ बिजली खरीद समझौता (पीपीए) करेगा। रेलवे को अपने विशेष भार पैटर्न के कारण दिनभर स्थिर बिजली की आवश्यकता होती है। एक्मे सोलर अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली से जुड़े प्रेषण योग्य नवीकरणीय स्रोतों और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के संयोजन से चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

## बारिश से फसल खराब, खुदरा में 100 रुपए किलो तक बिक रहे

# आसमान छू रहे टमाटर के भाव

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर की मुहाना मंडी इन दिनों टमाटर की रिकॉर्ड महंगाई का सामना कर रही है। थोक भाव जहां 50–55 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं, वहीं खुदरा बाजार में टमाटर 80 से 100 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। लगातार कम होती आवक, बारिश से बर्बाद हुई फसल और शादियों के मौसम में बढ़ी मांग ने कीमतों को तेजी से ऊपर धकेल दिया है। सामान्य दिनों में महाराष्ट्र के नासिक और मध्य प्रदेश से 35–40 गाड़ियां प्रतिदिन मुहाना मंडी में पहुंचती हैं, लेकिन बारिश की वजह से उन राज्यों में फसलें खराब हो गई हैं, जिसके कारण अब सिर्फ 12 से 18 गाड़ियां ही आ रही हैं। ऐसी स्थिति में स्थानीय किसानों का देशी टमाटर भी 45–50 रुपए किलो में बिक रहा है।



### सात दिन पहले थे 20 रुपए प्रति किलो के भाव

सात दिन पहले तक थोक बाजार में टमाटर 20–25 रुपए किलो मिल रहा था, जो अब बढ़कर 50–55 रुपए पर पहुंच गया है, यानी कीमतों में लगभग दोगुनी से ज्यादा तेजी नजर आ रही है।

### दिसंबर में मिल सकती है राहत

जयपुर फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि अभी महाराष्ट्र और एमपी से टमाटर आ रहे हैं। बारिश के कारण टमाटर की फसल खराब हो गई है। टमाटर के भाव दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। दिसंबर में गुजरात से टमाटर आने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### टमाटर संकट-मुख्य कारण व स्थिति

- **थोक भाव:** 50–55 रुपए किलो
- **खुदरा भाव:** 80–100 रुपए किलो
- **आवक में गिरावट:** 500–600 टन से घटकर 200–250 टन
- **मुख्य कारण:** बारिश से फसल खराब, शादियों में बढ़ी मांग
- **संभावित राहत:** दिसंबर में गुजरात से नई आवक आने की उम्मीद

### गुणवत्ता हो रही प्रभावित

देशभर में बारिश के कारण टमाटर की फसल को भारी नुकसान हुआ है। सामान्य स्थिति में मुहाना मंडी में बाहर से 500–600 टन टमाटर प्रतिदिन आते हैं, लेकिन वर्तमान में यह आवक घटकर मात्र 200–250 टन रह गई है। कम आपूर्ति के चलते व्यापारी और उपभोक्ता दोनों ही परेशान हैं। मंडी में अधपके (हरे) टमाटर भी आ रहे हैं, जिससे गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि लगातार मौसम बदलने और बारिश के कारण तैयार फल गल गए, जिससे नुकसान बढ़ गया। इससे न केवल उत्पादन घटा है, बल्कि परिवहन लागत भी बढ़ी है। खुदरा व्यापारियों का अनुमान है कि यदि गुजरात की फसल समय पर बाजार में नहीं आई, तो कीमतें आगामी दिनों में और बढ़ सकती हैं। फिलहाल उपभोक्ताओं को महंगे टमाटर खरीदने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### गुजरात का टमाटर आने से मिलेगी राहत

अक्टूबर में बार-बार हुई बारिश ने टमाटर की फसल को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। शादियों के मौसम में मांग बढ़ने के कारण कीमतें और उछल गई हैं। अब उम्मीद जताई जा रही है कि दिसंबर से गुजरात के टमाटर बाजार में आने लगेंगे, जिससे कीमतों में राहत मिल सकती है। आपूर्ति के चक्र पर नजर डालें तो सितंबर में बैंगलुरु, अक्टूबर में महाराष्ट्र, एमपी और दिसंबर में गुजरात के टमाटर बाजार में आते हैं। यह सिलसिला फरवरी तक जारी रहता है।

## बाजार हलचल

### फोरेक्स फेयर में हुआ 24 करोड़ का व्यापार



**बेधड़क, जयपुर।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स (फोरहेक्स) की ओर से 21 से 24 नवंबर तक बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित फोरहेक्स फेयर 2025 में 24 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ। चार दिनों तक चले मेगा आयोजन में कारीगरों, खरीदारों, विद्यार्थियों और क्राफ्ट प्रेमियों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही, जिसमें करीब चालीस हजार से अधिक लोगों ने शिरकत की। समापन दिवस पर फोरहेक्स एक्सीलेंस अवार्ड्स वितरित किए गए। 'अर्थ होम शुभांकर' को इनोवेटिव स्टॉल डिजाइन पुरस्कार मिला, जबकि 'आर्ट ऐज' को सॉफ्ट फर्निशिंग प्रेजेंटेशन में श्रेष्ठता के लिए सम्मानित किया गया। 'नंदी बाय कुबेर' ने बेस्ट हैंडीक्राफ्ट विजुअल स्टोरीटेलिंग अवार्ड प्राप्त किया, वहीं 'कारीगिरी' को बेस्ट फर्नीचर एंड लाइफस्टाइल डिस्प्ले का सम्मान मिला। 'आर्टिजन एबोड' को बेस्ट क्रिएटिव आर्ट शोकेस और 'स्टूडियो एक्सप' को बेस्ट फ्यूजन हैंडीक्राफ्ट्स डिस्प्ले अवार्ड प्रदान किया गया।

### गैर-अमेरिकी बाजार समुद्री निर्यात के इंजन बने

**एजेंसी/नई दिल्ली।** भारत के समुद्री उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में 16.18 प्रतिशत बढ़कर 4.87 अरब डॉलर पहुंच गया है। इसमें चीन, वियतनाम, रूस, कनाडा और ब्रिटेन जैसे गैर-अमेरिकी बाजारों में तेज मांग इस वृद्धि की मुख्य वजह रही। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार अमेरिका द्वारा भारतीय समुद्री उत्पादों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से वहां निर्यात 7.43 प्रतिशत घटकर 8.54 करोड़ डॉलर रह गया। हालांकि, चीन और वियतनाम को क्रमशः 24.54 प्रतिशत और 123.63 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि ने इस गिरावट की भरपाई कर दी। बेल्जियम, जापान, रूस, कनाडा और ब्रिटेन को निर्यात में भी 10 से 94 प्रतिशत तक की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी

# सेंसेक्स 331 अंक टूटा, निफ्टी 26,000 के नीचे पहुंचा

**एजेंसी** | मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। आखिरी घंटे में बढ़ी बिकवाली और वैश्विक संकेतों की कमी के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया, जिसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। शुरुआती बढ़त खोते हुए बाजार पूरे दिन दबाव में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 331.21 अंक (0.39%) टूटकर 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 521 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 108.65 अंक (0.42%) की गिरावट के साथ 25,959.50 अंक पर आ गया। निफ्टी के 26,000 के महत्वपूर्ण स्तर के नीचे आने से निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा।



### इनमें भी रहा असर

सेंसेक्स में शामिल भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट रही। वहीं, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों ने लाभ दर्ज कर बाजार को कुछ सहारा दिया। एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख रहा। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ। जापानी बाजार अवकाश के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में मजबूती दिखा रहे थे, जबकि शुक्रवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए थे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद अंतिम समय की बिकवाली से बाजार टूट गया। उन्होंने बताया कि अमेरिका-भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते में देरी ने भी निवेशकों को सतर्क बनाए रखा। हालांकि, आईटी शेयरों में चुनिंदा खरीदारी और दिसंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में संभावित कटौती की उम्मीदों ने कुछ सकारात्मक संकेत दिए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को एफआईआई ने 1,766.05 करोड़ रुपए के शेयरों की बिकवाली की, जबकि डीआईआई ने 3,161.61 करोड़ रुपए की खरीदारी कर बाजार को कुछ सहारा दिया।

### सिम कार्ड के दुरुपयोग पर मोबाइल उपयोगकर्ता जवाबदेह

**एजेंसी/नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर किसी उपभोक्ता के नाम पर खरीदे गए सिम कार्ड का इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी या किसी अवैध गतिविधि में होता है, तो उसके लिए मूल ग्राहक को भी कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। विभाग के अनुसार, फर्जी दस्तावेजों पर सिम लेना, दूसरों को सिम सौंपना या छेड़छाड़ किए गए आईएमईआई वाले उपकरणों का उपयोग गंभीर उल्लंघन है और इसके परिणाम मूल उपभोक्ता को भुगतने पड़ सकते हैं।

## सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर की पौत्री कोमल, मनीत के साथ विवाह बंधन में बंधी


# कोमल-मनीत को सुखमय भावी जीवन का आशीर्वाद

**बेधड़क** | जयपुर

पाली के रणकपुर स्थित लाल बाग रिसॉर्ट में शनिवार को सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर की पौत्री, सपना-वीरेंद्र माथुर की पुत्री कोमल का विवाह ज्योति और नरेंद्र वाधवा के पुत्र मनीत के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य विवाह समारोह में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित गणमान्यों ने पहुंच कर भाजपा नेता ओम प्रकाश माथुर के प्रति सम्मान का परिचय दिया। राष्ट्रीय और राज्य की राजनीति से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने शादी समारोह में शिरकत कर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। उनकी उपस्थिति ने माथुर परिवार के साथ संबंधों और सद्भावना को भी दर्शाया, जिस कारण यह समारोह यादगार और ऐतिहासिक बन गया। सच बेधड़क अपने पाठकों के लिए लाया है समारोह की कुछ और झलकियां...।



दुल्हन कोमल को आशीर्वाद देते छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा के संयुक्त राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) शिव प्रकाश, मदन राठौड़ और छत्तीसगढ़ कैबिनेट के अन्य विशिष्ट सदस्य।



ओम माथुर, दुल्हन कोमल और संजीव श्रीवास्तव।



डॉ. जगदीश चंद्र और अजय पाल सिंह।



डॉ. जगदीश चंद्र के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी। साथ में हैं ऐश्वर्य प्रधान।



ओम माथुर को शुभकामनाएं देते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस।



नवविवाहित कोमल और मनीत, ओम प्रकाश माथुर, मिजोरम के गवर्नर जनरल वीके सिंह, असम के गवर्नर लक्ष्मण आचार्य और सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग।



उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा और अन्य अतिथि।



राजेंद्र गहलोत और विधायक कालीचरण सराफ।



ओम माथुर और रविंद्र सिंह भाटी।



एसएस अग्रवाल, मुकेश पारीक और प्रभु लाल।

# City इवेंट्स

## कौशिक ध्वनि में ठुमरी से किया आकर्षित




**बेधड़क, जयपुर।** रंगशिल्प व पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से 34वां तबला नवाज स्व. उस्ताद काले खां संगीत व पुरस्कार समारोह-2025 सबक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुलजार वायलिन अकादमी के कलाकारों सुजान हुसैन, राहुल कुमावत, लक्ष्यता भट्ट, मानव गर्ग, लहरी कल्लम, अंकित ठठेरा, तपस्या डांगी, आन्या मित्तल, पावकी वर्मा, तन्मय जोशी, (बांसुरी) जेयान हुसैन (तबला) ने प्रस्तुतियां दीं। कोलकाता की उपशास्त्रीय गायिका तान्या भादुड़ी ने राग कौशिक ध्वनि में ठुमरी पेश की। रंगशिल्प से नीरज गोस्वामी, दीपक महान, राजेंद्र शर्मा राजू व इंतजार हुसैन ने स्वागत किया। स्व. उस्ताद काले खां संगीत पुरस्कार-2025 से ध्रुपद गायक स्व. उस्ताद सईदुद्दीन डागर को सम्मानित किया गया। उनका पुरस्कार ध्रुपद गायक उस्ताद एस. नफीसउद्दीन, उस्ताद एस. अनीसउद्दीन ने प्राप्त किया। डागर बंधुओं का भी सम्मान किया गया।

## साहिर की मोहब्बत, तड़प और तन्हाई




**बेधड़क, जयपुर।** शब्द, सुर और संवेदना जब 'अधूरे इश्क की दास्तान' में सामने आए तो संगीत प्रेमियों का रोमांच चरम पर रहा। मौका था महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रिजवान ऐजाजी और गायक धर्मेंद्र छाबड़ा की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम का, जिसमें श्रोता साहिर लुधियानवी की भावनाओं के दौर में चले गए। साहिर के जीवन के तीन बड़े अध्याय - मां का साया, अमृता प्रीतम का मौन प्रेम और सुधा मल्होत्रा की अनकही तड़प गीतों और नज्मों से मंच पर जीवंत हुए। मंच संचालन डॉ. रत्ना शर्मा ने किया। इस मौके पर साहिर के चुने हुए गीतों को धर्मेंद्र छाबड़ा, डॉ. अतुल पुरोहित, राजेश शर्मा, नीलम शर्मा, गीतिका चतुर्वेदी और नूपुर शर्मा ने आवाज दी। लाइव संगीत निर्देशन - एस. बबलू का रहा। वाक्य 'मैं मां के साथ रहूंगा' सुनाकर भावनाओं का प्रवाह बढ़ाया गया। इसके बाद नीलम शर्मा ने 'अल्लाह तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम' प्रस्तुत किया। छाबड़ा के 'तुम अगर साथ देने का वादा करो' ने भीतर तक छू लिया। नीलम शर्मा ने 'इन हवाओं में' गाया। नूपुर शर्मा ने 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गाया। अंत में साहिर की तन्हाई का अहसास उभरा। नीलम ने 'तुम मुझे भूल भी जाओ...' और राजेश शर्मा ने 'अपने लिए हैं कब ये मेले' सुनाया।

## पर्दे पर दिखेगी प्रदीप-सपना की केमिस्ट्री



**बेधड़क, जयपुर।** 'लव यू मेरी सासू की' गाने पर जैसे ही कलाकारों ने डांस किया, सब रोमांचित नजर आए। इसके बाद कलाकारों ने गाने की जर्नी शेयर की। मौका था जयपुर में म्यूजिक वीडियो 'लव यू मेरी सासू की' की टीम विजिट का। इस मौके पर एक्टर प्रदीप नागर ने कहा कि बिग बॉस के बाद चौधरी से इस प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई और डांस नंबर बनकर तैयार हुआ। मुख्य कलाकार प्रदीप नागर ने सुषमा सुमन की कोरियोग्राफी में डांस भी किया। वीडियो में प्रदीप नागर और सपना चौधरी की केमिस्ट्री कमाल लगी, जिसे जयपुराइट्स ने रोमांच के रूप में लिया। सुमन टाकीज के बैनर तले बने हरियाणवी डांस नंबर को राज मावर और अंजली99 ने गाया है और संगीतकार अभी सैनी हैं।

### डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग सीजन-7

## AEIRC डायग्नोस्टिक ने माया आई हॉस्पिटल को हराया



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर की स्पोफिट एकेडमी में एसबीआई डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग सीजन-7 के टीम इवेंट मुकाबले खेले गए। लीग के संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि किड्स वर्ग में एईआईआरसी डायग्नोस्टिक ने माया आई हॉस्पिटल को 4-1 से हराया। राणा ऑर्थो केअर और दूसरी टाई में जैन प्रूडेंट केअर ने जीत दर्ज की।

लीग आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव ने बताया कि बॉयज वर्ग में लिपि क्लीनिक, नवजीवन, केडिया होटशॉट्स और शर्मा डायग्नोस्टिक ने मैच जीते। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. निधि पूनिया ने बताया कि महिला वर्ग में प्रियंका हॉस्पिटल ने अच्छा प्रदर्शन किया। टाई में आईएएसएच, प्रियुश न्यूरो केअर हॉस्पिटल और संभव डायग्नोस्टिक ने मैच जीता। आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में अग्रवाल किड्स हॉस्पिटल, एच.सी.जी हॉस्पिटल और जयपुर नुक्लेअर इमेजिंग, जेआईपीएसआई जैगुआर और एचसीजी हॉस्पिटल ने विजयी बढ़त बनाई। फ्लो केअर इंटरवेंशन और महात्मा गांधी हॉस्पिटल ने निया ने भी टूर्नामेंट में विजयी बढ़त बनाई।

### जयपुर हेरिटेज फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन

## देशी-विदेशी पर्यटकों ने तस्वीरों में कैद की 'जयपुर की विरासत'



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर स्थापना दिवस पर आमेर महल दीवान-ए-आम में आयोजित जयपुर हेरिटेज फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन का सफल समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक और महेश शर्मा ने सभी पार्टिसिपेंट्स को मेडल और सर्टिफिकेट दिए।

जयपुर हेरिटेज आईटीसी के फोटो जर्नलिस्ट विजेता विशाल भटनागर और आमेर के जर्नलिस्ट दिनेश भारद्वाज विजेता रहे। एग्जीबिशन में हजारों देशी-विदेशी पर्यटकों ने तस्वीरों में जयपुर की विरासत देखी और अपने मोबाइल में कैद किया। विदेशी टूरिस्ट को जयपुर के मंदिरों, महलों और ऑफ बीट फोटोज ने काफी प्रभावित किया। एग्जीबिशन में जयपुर के राज परिवार की तस्वीरें, हवा महल, मंदिर, आमेर फोर्ट, जंतर मंतर, जलमहल, गोविंददेव मंदिर, सिटी पैलेस सहित कई पेंटिंग्स और फोटो प्रदर्शित की गई। यह पहला अवसर है जब देशी-विदेशी पर्यटकों ने आमेर महल में जयपुर की विरासत देखी।

संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि एग्जीबिशन में पर्यटकों के साथ समापन समारोह हुआ और पार्टिसिपेंट्स का आमेर महल में सम्मान किया गया।

## आनंद सिंह शेखावत प्रदेशाध्यक्ष बने




**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजस्थान की आम सभा की बैठक और कार्यकारिणी के चुनाव विश्वकर्मा स्थित रीक्रिएशन क्लब में संपन्न हुए। मुनेंद्रपाल सिंह तोमर के निर्देशन में हुए चुनाव में आनंद सिंह शेखावत प्रदेशाध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट (अलवर), भवानी सिंह सोलंकी (कोटा), प्रेरणा कवर (अजमेर), लक्ष्मण सिंह (सीकर), सुषमा चौहान (अलवर), महामंत्री राजकुलदीप सिंह जादौन, संगठन महामंत्री प्रवीण सिंह शेखावत (सीकर), धर्मेंद्र सिंह बोलसर, नरेंद्र सिंह सिंहासन, संयुक्त महामंत्री चंदन सिंह भाटी, उम्मेद सिंह, राघवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष मवर सिंह मान्डासी और कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र सिंह खाचरियावास, आयुसिंह चौहान निर्वाचित घोषित हुए।

## सत्य साई बाबा का 100वां जन्मोत्सव मनाया



**बेधड़क, जयपुर।** सत्य साई पीजी महिला महाविद्यालय में भगवान सत्य साई बाबा का 100वां जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव में बाबा के आकर्षक चित्रों का प्रदर्शन किया गया और रंगोली से सजावट भी की गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता और अधिवक्ता डॉ. अखिल शुक्ला मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव अधिवक्ता अलकेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी सरोज खेमका ने की। वहीं कार्यक्रम का संयोजन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कमलेश शर्मा ने किया। शिक्षिकाओं ने साई भजनों और आरती का सामूहिक गायन भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट शिक्षिकाओं और मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया।


### बुक साइनिंग इवेंट | जयपुर के क्रॉसवर्ड में संजय के. रॉय ने 'देयर इज ए घोस्ट इन माई रूम' पर की बात

# आत्माएं हॉरर फिल्मों वाली जगहों में नहीं रहतीं

**बेधड़क** | जयपुर

'आत्माएं हॉरर फिल्मों वाली जगहों में नहीं रहतीं, वे हर जगह हैं। कुछ लोग उन्हें देख लेते हैं, कुछ नहीं।' बात टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजय के. रॉय ने जयपुर के क्रॉसवर्ड बुकस्टोर में अपनी पुस्तक 'देयर इज ए घोस्ट इन माई रूम' की प्रतियां साइन करने के दौरान कही।

संजय ने कहा कि यह 1967 की बात है। जब वे पांच साल के थे तब कोलकाता में अपने ननिहाल की पैतृक कोठी में उनका अलौकिक जगत से पहला सामना हुआ। उन्होंने बताया कि अचानक मैंने देखा कि एक कटी हुई हथेली, जिसमें एक मुड़ी हुई तलवार (सीमीटर) थी, उसकी धार मच्छरदानी के पार चमक रही थी। यह पहला अनुभव था। धीरे-धीरे ऐसे अनुभवों और किस्सों का ढेर लग गया और कुछ ही साल पहले जाकर उन्होंने 'देयर इज ए घोस्ट इन माई रूम' किताब पर काम शुरू किया। कोविड के बाद जब प्रकाशक उन्हें बार-बार किताब लिखने का प्रस्ताव दे रहे थे तो संजय टालते रहे। उन्होंने कहा कि मैं लेखक नहीं, पाठक हूं। एक पारंपरिक आत्मकथा उन्हें अपनी ही भाषा में बोरिंग लगती थी, लेकिन उन्होंने महसूस किया कि अलौकिक दुनिया उन्हें वह दे सकती है जो एक साधारण संस्मरण नहीं दे सकता है। अजीब बात यह थी कि इनमें से अधिकांश अनुभव उन जगहों पर नहीं हुए जहां आमतौर पर लोग भूतों को तलाशते हैं। आत्माएं कब्रिस्तानों या श्मशानों में नहीं दिखीं। वे साधारण जगहों पर नजर आईं, जैसे बेडरूम में, होटल के कमरों में, खिड़की के बाहर किसी पेड़ पर।



संजय के. रॉय और सुधीर माथुर।



बुक पर साइन करते संजय के. रॉय।

### लोग तो वैसे भी सोचते हैं कि मैं पागल हूं

संजय कहते हैं कि दुनिया, स्वाभाविक रूप से इस पर अपनी राय रखती है। कई लोगों ने उन्हें मनोचिकित्सक से मिलने की सलाह दी। इस पर वे हंसते हुए कहते हैं कि लोग तो वैसे भी सोचते हैं कि मैं पागल हूं। इन अनुभवों को बाद में समझने में उनकी पत्नी पुनीता, जो एक हीलर हैं, ने उनकी मदद की। कुछ दृश्य इसलिए चौंकाने वाले थे, क्योंकि उनमें आतंक नहीं था, बल्कि अजीब-सी शांति थी। स्पेन के वलाडोलिड में विश्वविद्यालय परिसर में उन्होंने एक आकृति को देखा, जिसके न हाथ थे, न पैर, न गर्दन - सिर्फ एक तैरता हुआ धड़, जो उनके सामने से गुजरकर हवा में विलीन हो गया। वे कहते हैं, मुझे डर नहीं लगा। मैं स्वयं भी इस बात पर आश्चर्य करता हूं। ऐसा कम ही होता है। 98% अनुभवों में मैं डरा हुआ ही रहता हूं।

### किताब लिखना एक तरह की थैरेपी

कभी-कभी उन्हें संदेश भी मिलते हैं, अक्सर चिकित्सीय - कैंसर, दिल के दौरे या आने वाले खतरे की चेतावनियां। यह नैतिक बोझ सबसे कठिन है। उनकी पत्नी उन्हें 'ब्रह्मांड से आने वाले संदेशों' में कटौती न करने को कहती हैं, लेकिन संजय मानते हैं कि कई बार विवेक उन पर हावी हो जाता है। किताब लिखना उनके लिए एक तरह की थैरेपी बन गया। हर अध्याय पुराने घावों को खोलता गया, जिनके बारे में उन्हें पता भी नहीं था कि वे अब भी उपचार चाहते हैं। भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए वे बताते हैं कि पाठक अब उन्हें अपने अनुभव भेजने लगे हैं। आने वाले संस्करण में इनका एक संकलन भी शामिल होगा।

# प्री वेडिंग समारोह में भावी जोड़े को शुभकामनाएं

बेधड़क | जयपुर

महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद अध्यक्ष उमराव मल संघी के पौत्र व जयपुर केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव नवीन संघी के बेटे नमित संघी का प्री-वेडिंग समारोह अभानेरी में आयोजित किया गया। नमित का विवाह राजीव बाकलीवाल की बेटी दिशिका से होने जा रहा है। गौरतलब है कि संघी परिवार जयपुर का प्रतिष्ठित व सम्मानित परिवार है। जैन समाज में लंबे समय से योगदान और महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम में देश-विदेश से अतिथि व विश्वभर से आए एनआरआई मेहमानों ने शिरकत की और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर डॉ. जगदीश चंद्र भी शामिल हुए और आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं।



*नमित और दिशिका को शुभकामनाएं देते डॉ. जगदीश चंद्र। साथ में हैं नवीन संघी।*



*डॉ. जगदीश चंद्र के साथ सुनिल बक्शी, शैलेंद्र गोधा और प्रमोद पहाड़िया।*



*डॉ. जगदीश चंद्र के साथ नवीन संघी, अजय अग्रवाल, महावीर कुमार सोगानी और सुधांशु माथुर।*

# रुखसार बानो का मोहसिन से निकाह



*नवविवाहित मोहसिन खान और डॉ. रुखसार बानो को शुभकामनाएं देते डॉ. जगदीश चंद्र। साथ में हैं हैदर खान और ऋषभ शर्मा।*

बेधड़क | जयपुर

दौसा के सत्यनारायण लॉन में बाबू खान के पुत्र मोहसिन खान और जमील खान की पुत्री डॉ. रुखसार बानो का निकाह हुआ। इस अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र भी शादी समारोह में पहुंचे और दूल्हा-दुल्हन को नव वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया परिवार के लक्ष्मीकांत शर्मा, हैदर खान, जमशेद, हाजी एहसान मोहम्मद, हाजी फकीर मोहम्मद सहित परिवार, मित्रों और उपस्थित मेहमानों ने शिरकत की और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।



*अहसान खान के साथ डॉ. जगदीश चंद्र।*

## City इवेंट्स

### भाई-बहन की बॉन्डिंग ने छुआ दिल



**बेधड़क, जयपुर।** डॉ. जगदीश चंद्र और गुंजन बंसल ने भाई-बहन के अपने खास रिश्ते को सेलिब्रेट किया। सोमवार को मुंबई में मुलाकात के दौरान गुंजन बंसल ने डॉ. जगदीश चंद्र को तिलक लगाकर भाई-दूज का पर्व मनाया। इस भाई-बहन की बॉन्डिंग ने साफ कर दिया कि प्रेम और रिश्ते किसी तारीख के मोहताज नहीं होते, चाहे वो रक्षाबंधन हो या भाई-दूज।

### राजस्थान रोड राइडर्स ने जीते 8 मैडल्स




**बेधड़क, जयपुर।** बीकानेर में 200 और 100 किलोमीटर की टूर दी थार रेस का आयोजन किया गया, जिसमें जयपुर के साइक्लिंग क्लब राजस्थान रोड राइडर्स के 50 राइडर्स में से 8 राइडर्स ने विभिन्न श्रेणियों में मैडल्स जीते। विजेताओं में 200 किलोमीटर ओपन श्रेणी में बजरंग गोदारा ने रेस 5 घंटे 59 मिनट 12 सेकंड में पूरी कर कांस्य जीता। 17 से 30 वर्ष की श्रेणी में राहिल भाटिया ने 5 घंटे 59 मिनट 17 सेकंड में समाप्त कर प्रथम स्थान पाया। अनिरुद्ध शर्मा ने 5 घंटे 59 मिनट 18 सेकंड के साथ द्वितीय स्थान पाया। वहीं 45 वर्ष से ऊपर की श्रेणी में बृजेंद्र सिंह पाडला 5 घंटे 59 मिनट 50 सेकंड के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। 100 किलोमीटर की रेस में 17 से 30 वर्ष के पुरुष वर्ग में जतिन चांदना ने द्वितीय स्थान और महिला वर्ग में करीना ने सेकंड पोजिशन पाई। वहीं 45 वर्ष से ऊपर पुरुष वर्ग में संजीव बेनीवाल द्वितीय और महिला वर्ग में डॉ. मोनिया गोयल भी द्वितीय रहीं। क्लब के दो सदस्य मंजीत बाल्यान और प्रशांत बिष्ट पदक के प्रबल दावेदार थे, लेकिन रेस के दौरान साइकिल में तकनीकी खराबी के कारण पदक की दौड़ से बाहर हो गए।

### मोटोक्रॉस में नितिन सिंह ने मारी बाजी

**बेधड़क, जयपुर।** साहस टीम के सदस्य नितिन सिंह ने जयपुर मोटरसाइकिल क्लब की ओर से आयोजित मोटोक्रॉस - इंडिया एक्सपर्ट में पहला स्थान हासिल किया है। यह इवेंट क्लब की 50वीं सालगिरह के उपलक्ष में आयोजित किया गया था।




### MEET & GREET



**बेधड़क, जयपुर।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन, भरतपुर संभाग प्रभारी डॉ. निमिषा गौड़ ने राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

## एमजीडी गर्ल्स स्कूल में लीड-आई कार्यक्रम का शुभारंभ, युवाओं में नेतृत्व विकास पर जोर

# नई बातों को सीखना नहीं, अपनी मूल पहचान बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती

बेधड़क | जयपुर

एमजीडी गर्ल्स स्कूल, जयपुर में सोमवार को लीडरशिप एजुकेशन एंड डिस्कवर इंडिया (लीड-आई) कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें युवा लीडर्स को नेतृत्व, संवाद कौशल और भारतीय सभ्यता की समझ से जोड़ने पर फोकस रखा गया। उद्घाटन सत्र में खास मुख्य अतिथि और मेवाड़ घराने के 77वें संरक्षक डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का प्रेरक संबोधन रहा। उन्होंने कहा, कि सबसे बड़ी चुनौती नई बातें सीखना नहीं, बल्कि अपनी मूल पहचान को बनाए रखना है।

इस दौरान अर्चना एस मनकोटिया और मेजर जनरल विजय सिंह लालोत्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत 'रिफ्लेक्शंस बिफोर फ्लाइट!' से हुई, जिसके बाद औपचारिक उद्घाटन समारोह हुआ। 5 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्कूलों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। दिनभर के सत्रों में क्राफ्ट बाजार ने माहौल को जीवंत बनाया, जबकि समापन गरबा, घूमर और नाट्यवेद द्वारा प्रस्तुत संगीत शाम के साथ हुआ। अंत में 'टाइड टुगेदर बाइंड' सोशल सेशन ने प्रतिभागियों को एक साथ जोड़ा।



*अर्चना एस मनकोटिया और मेजर जनरल विजय सिंह लालोत्रा के साथ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़।*




*लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का सम्मान करतीं अर्चना एस मनकोटिया।*



*सांस्कृतिक प्रस्तुति देते स्टूडेंट्स।*



*कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टूडेंट्स।*

### 'इंडिया ग्लैम' में वाइल्डकार्ड फीवर है खास







**बेधड़क, जयपुर।** ब्यूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम सीजन-7 के वाइल्डकार्ड ऑडिशन चरण को सार्वजनिक किया गया। फाउंडर-डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि इंडिया ग्लैम सिर्फ ताज और खिताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर योग्य लड़की को एक संरचित, विश्वसनीय और परिणाम-उन्मुख प्लेटफॉर्म देना है। वाइल्डकार्ड ऑडिशन रोजाना दोपहर 1 से 4 बजे तक इंडिया ग्लैम मॉडलिंग एकेडमी, वैशाली नगर, जयपुर में आयोजित हो रहे हैं। 18+ वर्ष की और कम से कम 5'4" ऊंचाई की पात्रता शर्तों को पूरा करते हुए प्रतिभागी निर्धारित ड्रेस कोड वन-पीस आउटफिट के साथ हील्स में आ सकती हैं। ऐसे में फ्री रजिस्ट्रेशन से सुनिश्चित है कि आर्थिक बाधाएं योग्य प्रतिभा को पीछे न रोकें। विजेताओं को 3 कारें, 5 स्कूटर और कई पुरस्कार दिए जाएंगे। ग्रैंड फिनाले द अनंता स्पा एंड रिजॉर्ट, जयपुर में होगा। विशेषज्ञ ग्रूमिंग सेशन देंगे। गौरतलब है कि डॉ. जगदीश चंद्र ने भी इंडिया ग्लैम टीम की सराहना की थी कि शक्तिशाली मंच तैयार किया है जो उभरते मॉडलों को सशक्तीकरण देता है।

### मिस टीन बिहार का कैंपस ऑडिशन




**बेधड़क, जयपुर।** मिस टीन बिहार- 2026 के कैंपस ऑडिशन 23 नवंबर को लोयोला हाई स्कूल, पटना में आयोजित किए गए। इन ऑडिशन में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा और व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। जूरी पैनल में तानू अश्मी, तनिष्का शर्मा (मिस टीन अर्थ इंडिया 2024) और आरजे श्वेता सूर्बी शामिल रहीं। जूरी ने प्रतिभागियों को उनकी ओवरऑल प्रेजेंटेशन के आधार पर जज किया और छात्राओं को आत्मविश्वास बढ़ाने, पब्लिक अपीयरेंस और व्यक्तिगत विकास के लिए मार्गदर्शन भी दिया। सभी इंटर-स्कूल और राज्यस्तरीय ऑडिशन से केवल एक उत्कृष्ट प्रतिभागी का चयन किया जाएगा, जो राष्ट्रीय स्तर पर मिस टीन इंडिया प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी।

### संस्कृति, सेवा और राष्ट्रभक्ति का संगम




**बेधड़क, जयपुर।** भारत विकास परिषद की हवामहल शाखा की ओर से 17 से 21 नवंबर तक संस्कृति, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संस्कृति सप्ताह का आयोजन किया गया। शाखा महिला संयोजिका डॉ. विष्णु प्रिया टेमाणी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले तीन दिनों में खेल-कूद, लोक नृत्य और 'भक्ति में शक्ति- राष्ट्र की भक्ति' गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक डॉ. श्री कांत पंत ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। चौथे दिन परिषद सदस्यों ने गौ सेवा (चारा अर्पण) कर सेवा-संस्कार का संदेश दिया। पांचवें दिन कल्याण नेत्रहीन संस्थान में अल्पाहार सेवा की गई, जिसमें प्रांत महिला संयोजिका डॉ. कविता साहबी विशिष्ट अतिथि रहीं। शाखा अध्यक्ष अजय गोयल ने उन्हें भगवान जगन्नाथ जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इसी अवसर पर अमिता गुप्ता और रजनीश गुप्ता की वैवाहिक वर्षगांठ भी मनाई गई। समापन समारोह में डॉ. विष्णु प्रिया टेमाणी ने संबोधित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25


# न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 25 नवंबर, 2025



भविष्य की चिंता करना, बिना सारे टुकड़ों के पहेली को सुलझाने जैसा है।
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



## मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो विस्तार की समीक्षा बैठक

# जयपुर मेट्रो फेज-2 से कम होगा शहर में यातायात का दबाव: भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सुगम और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जयपुर की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को देखते हुए मेट्रो फेज-2 का विस्तार शहरवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा देगा और ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी। सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो विस्तार की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा कि मेट्रो फेज-2 यातायात दबाव कम करने में कारगर साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की लागत का सटीक आकलन किया जाए ताकि वित्तीय संसाधनों का सही उपयोग हो और आमजन को मजबूत ट्रांजिट सिस्टम मिल सके। बैठक में मेट्रो के फेज-3ए, 3बी और 3सी के प्रस्तावित रूट पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के जरिए प्लान की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि फेज-2 में 36 स्टेशन होंगे। यह परियोजना सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, वीकेआई, जयपुर एयरपोर्ट, जयपुर रेलवे स्टेशन, गांधीनगर रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख स्थलों को जोड़ेगी।



*जयपुर मेट्रो विस्तार की समीक्षा बैठक लेते सीएम भजनलाल शर्मा। इस दौरान मौजूद सीएस वी.श्रीनिवास, एसीएस सीएमओ अखिल अरोड़ा, प्रमुख वित्त सचिव वैभव गालरिया सहित अन्य अधिकारी।*

### जनसुनवाई में सैकड़ों शिकायतों का निस्तारण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित नियमित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही समाधान करवाया। महिलाओं, दिव्यांगों व बुजुर्गों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। भजनलाल शर्मा ने कहा कि अंत्योदय सरकार की योजनाओं का प्रमुख लक्ष्य है और जनसुनवाई इसी दिशा में मजबूत कदम है। फरियादी उम्मीद लेकर आते हैं, इसलिए हर प्रकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। अधिकांश मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ।



*केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के राजस्थान आगमन पर उनका स्वागत करते सीएम भजनलाल शर्मा।*

### भविष्य को ध्यान में रखते हुए बनाएं रूट

सीएम ने कहा कि मेट्रो स्टेशन उन स्थानों पर बनाए जाएं, जहां सबसे ज्यादा यातायात दबाव रहता है, ताकि लोगों को तुरंत राहत मिले। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जयपुर मेट्रो फेज-2 की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को राज्य सरकार ने मंजूरी देकर केंद्र सरकार को भेज दिया है। केंद्र से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## देश-विदेश के प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स से वन-टू-वन संवाद

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश-विदेश स्थित 26 प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स के अध्यक्षों से सीधा संवाद किया। उन्होंने सभी अध्यक्षों से प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसंबर को होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' से जोड़ने और राजस्थान के विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स को मजबूत किया है। सभी 26 चैप्टर्स के अध्यक्ष मनोनीत हो चुके हैं और कार्यकारिणी का अनुमोदन भी पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य के लिए तेज गति से काम हो रहा है। 'राइजिंग राजस्थान' निवेश सम्मेलन में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए, जिनमें से 7 लाख करोड़ रुपए के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। प्रवासी राजस्थानियों की सुविधा के लिए हर जिले में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रवासी राजस्थानी दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रवासियों को राज्य सरकार सम्मानित करेगी।

सीएम ने हाल ही गठित 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' की जानकारी देते हुए कहा कि यह विभाग प्रवासियों और सरकार के बीच मजबूत सेतु बनेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित आला अधिकारी मौजूद रहे।

**बेधड़क FIRST**

### आखिर कब होगी कांग्रेस के 5 शेष जिलाध्यक्षों की घोषणा?

जयपुर शहर, प्रतापगढ़, राजसमंद, बारां और झालावाड़ में अभी तक कांग्रेस जिलाध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई है। जयपुर शहर में दो नामों में से किसी एक पर सहमति नहीं बन पाई है। प्रतापगढ़ में एक गुट मौजूदा जिलाध्यक्ष को फिर से नियुक्त करना चाहता है, जबकि स्टेट लीडरशिप नए चेहरे को मौका देना चाहती है। राजसमंद में आदित्य प्रताप और गोवर्धन सिंह के नाम पर विचार चल रहा है। बारां और झालावाड़ में फिलहाल संगठन सृजन अभियान जारी है।

### किस्मत हो तो गणेश घोघरा जैसी!

राजस्थान कांग्रेस के नेताजी गणेश घोघरा के पास अब तीन बड़े पद हैं। वे विधायक होने के साथ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भी हैं और प्रदेश महासचिव का दायित्व भी संभाल रहे हैं। अब गणेश घोघरा डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष भी बन गए हैं। इससे पहले वे यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस के गलियारों में अब घोघरा की किस्मत पर चर्चा का दौर चल रहा है।

### न कोट वाले बाबा रहे ना 'धर्मेंद्र'!

माणिक चंद सुराणा को धर्मेंद्र कोट वाले बाबा कहा करते थे। जब धर्मेंद्र ने बीकानेर से लोकसभा चुनाव लड़ा था, उस दौर में माणिक चंद सुराणा यहां के बड़े बीजेपी नेता थे। वे 12 माह कोट-पेंट पहना करते थे। इस बारे में यादों को साझा किया बीजेपी IT सेल प्रमुख अविनाश जोशी ने। अविनाश जोशी ने कहा कि सुराणा समय के बड़े पाबंद थे। चुनाव प्रचार के दौरान वे समय की पाबंदी का कड़ाई से पालन करते थे और धर्मेंद्र से भी समय सीमा का ध्यान रखने को कहते थे। इसलिए सुपर स्टार धर्मेंद्र को उनसे डर लगता था, क्योंकि धर्मेंद्र जीवन का पहला चुनाव लड़ रहे थे और उनकी आदत में कभी चुनाव प्रचार और सभाओं की समय सीमा का ध्यान रखना शुमार नहीं रहा।

## ट्रैवल मार्ट के लिए पर्यटन विभाग व होटल फेडरेशन में एमओयू



*एमओयू के साथ रुक्मणि रियार व होटल फेडरेशन के पदाधिकारी।*

**बेधड़क** | जयपुर

पर्यटन विभाग, राजस्थान एवं होटल फेडरेशन आफ राजस्थान द्वारा कोटा (हाड़ोती) में आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्ट के लिए एमओयू साइन किया गया। दो जनवरी से 4 तक कोटा में हाड़ोती सेक्टर के पर्यटक स्थलों को प्रमोट करने के लिए ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा, जिससे देशभर से टूर ऑपरेटर भाग लेंगे। यहां आने वाले टूर ऑपरेटर्स को हाड़ोती संभाग के सभी पर्यटक स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाएगा, जिससे ट्रैवल एजेंट उनका प्रचार-प्रसार कर हाड़ोती सेक्टर में पर्यटकों को आने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पर्यटन कमिश्नर रुक्मणि रियार ने कहा कि पर्यटन सेक्टर को बढ़ाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। आगामी दिनों में उदयपुर एवं जोधपुर के अलावा अन्य स्थानों पर भी ट्रैवल मार्ट आयोजित होंगे। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान एवं फेडरेशन के संभाग अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त किया।

## आज लोकार्पण और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रमों में शामिल होंगे सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को उदयपुर संभाग के दौरे पर रहेंगे। दिनभर उनका कार्यक्रम विकास योजनाओं के लोकार्पण और धार्मिक आयोजनों से जुड़ा रहेगा। सीएम सुबह 9:40 बजे जयपुर से उदयपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और 10:40 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री 10:50 बजे चामुंडेरी राणावतान (बाली) पहुंचेंगे। यहां सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक बाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

इसके बाद मुख्यमंत्री 12:20 बजे सुमेरपुर के नेतरा गांव पहुंचेंगे, जहां 12:30 बजे से 1:30 बजे तक श्री मीरा माधव सरकार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे। इसके बाद 1:40 बजे बिलावास जाएंगे। वहां सोजत स्थित श्री बिलावास गौशाला में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे।

## लोकसभा स्पीकर ने उदयपुर में चैंबर भवन का किया लोकार्पण

# व्यापारी करते रहें नए इनोवेशन व प्रयोग: बिरला

**बेधड़क** | उदयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि व्यापारियों को नए-नए इनोवेशन और प्रयोग करने चाहिए। जिस प्रकार से देश और दुनिया में उन्नति हो रही है, ठीक उसी प्रकार व्यापारियों को अपने व्यापार को भी आगे बढ़ाना चाहिए।

बिरला सोमवार शाम को चैंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के सेक्टर-14 स्थित नवनिर्मित बहुमंजिला भवन के



लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा कि यह भवन उदयपुर व्यापार जगत की अदम्य एकता, त्याग भावना और आर्थिक सहयोग का जीवंत उदाहरण है। बिरला ने कहा कि चैंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी ने इस भवन के माध्यम से जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह सबके जिए प्रेरणादायक है। इस दौरान बिरला ने अपनी व्यापारिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए व्यापार जगत को राष्ट्रहित में निरंतर योगदान देने की प्रेरणा दी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि यहां का हर व्यापारी अपने आप में भामाशाह की झलक देखता है। दान कुछ रुपए का हो या करोड़ों का यह मायने नहीं रखता है, दान किसी पवित्र आस्था के साथ किया गया है, इसका समाज सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज मेवाड़ की ऐतिहासिक परंपरा ईमानदारी, परिश्रम और सत्यनिष्ठा को अपने व्यापार व व्यवहार में सदैव बनाए रखें।

## भारत24 की ओर से मुंबई में 'भारत24 लीडरशिप समिट' का आयोजन

# नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर सार्थक संवाद

**बेधड़क** | जयपुर

भारत24 की ओर से मुंबई में आयोजित भारत24 लीडरशिप समिट में शासन, विकास और भविष्य की दिशा पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने वाले वक्ताओं ने भारत के बदलते राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक ढांचे पर अपनी बात रखी। साथ ही महाराष्ट्र में प्रशासनिक सुधारों, निवेश के अवसरों और विकास मॉडल को लेकर भी चर्चा हुई। समिट में नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर सार्थक संवाद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, भारत24 के सीईओ एंड एडिटर इन चीफ डॉ. जगदीश चंद्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समिट का समापन भारत24 के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मनोज जग्यासी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने डॉ. जितेंद्र सिंह, मंगल प्रभात लोढ़ा, शाइना एन.सी. और अधिवक्ता आशीष शेलार का कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि भारत24 जनता की भलाई के लिए सरकार के साथ सहयोग करते हुए काम करता रहेगा। भारत24 लीडरशिप समिट ने एक बार फिर सिद्ध किया कि चैनल सुशासन, नवाचार व सामाजिक विकास पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्र-केंद्रित पत्रकारिता की अपनी यात्रा में एक और खास उपलब्धि हासिल की है।

### हमें फिर से चुनने जा रही है जनता: शेलार

महाराष्ट्र सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री अधिवक्ता आशीष शेलार ने पूजा यादव से बातचीत में कहा, 'महाराष्ट्र में हम देख रहे हैं कि जनता हमें फिर से चुनने जा रही है, लेकिन हमारी एक स्पष्ट शर्त है, यदि मुंबई में एनसीपी के नवाब मलिक चुनाव लड़ेंगे तो हम उनके साथ काम नहीं करेंगे।' यह बयान राज्य की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों और सरकार की स्पष्ट साझेदारी नीति को दर्शाता है।



*डॉ. निवेदिता श्रेयांस, डॉ. जितेंद्र सिंह का स्वागत करते हुए। साथ में हैं डॉ. जगदीश चंद्र, मनोज जग्यासी, संजय सिंह और डॉ. आलोक वर्मा।*



*डॉ. जगदीश चंद्र, मनोज जग्यासी और पूर्णिमा मिश्रा के साथ शाइना एन. सी. का स्वागत करते हुए।*



*स्वागत भाषण देते डॉ. जगदीश चंद्र।*




*संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह।*



*कार्यक्रम का संचालन करतीं पूजा यादव।*

### मोदी-शिंदे के नेतृत्व से राजनीति की राह हुई आसान: शाइना

पूर्णिमा मिश्रा से बातचीत में शाइना एन.सी. ने राजनीति में महिलाओं की भूमिका पर कहा, 'राजनीति महिलाओं के लिए सबसे कठिन क्षेत्रों में से एक है, लेकिन नरेंद्र मोदी और एकनाथ शिंदे जैसे नेता हमारे लिए आत्मविश्वास के साथ समाज के लिए काम करना आसान बना देते हैं।' उनके शब्द भारतीय राजनीति में उभरते महिला नेतृत्व का प्रतीक हैं।

### राज्य के विकास की गति बेहद तेजी से बढ़ी: लोढ़ा

महाराष्ट्र सरकार के कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने पूर्णिमा मिश्रा से बातचीत में कहा कि पिछले कार्यकालों की तुलना में इस सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य के विकास की गति बेहद तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र के लोग तेजी से हो रहे विकास का आनंद ले रहे हैं और इस परिवर्तन को महसूस कर रहे हैं।'

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।